तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 25 जनवरी 2026



पुलिस मैदान में गणतंत्र दिवस के पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल करतीं छात्राएं।



## खबर संक्षेप

### मौर्य कुशवाहा समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**बिलासपुर।** मौर्य कुशवाहा समाज का वार्षिक सम्मेलन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन रविवार 25 जनवरी को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक छठ घाट तोरवा में किया जाएगा। यह आयोजन प्रगतिशील मौर्य कुशवाहा समाज एवं अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल होंगे।

### वार्षिक उत्सव व परिचय सम्मेलन आज

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के मार्गदर्शन में प्रगतिशील मौर्य कुशवाहा समाज बिलासपुर के संयोजन और नेतृत्व में 25 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल शनिचरी बाजार के आटोडोरियम में सुबह 10 बजे से संध्या 5 बजे तक प्रगतिशील मौर्य कुशवाहा समाज का वार्षिक उत्सव और वार्षिक सम्मेलन रखा गया है। इस सम्मेलन में 350 रुपए शुल्क है। डॉ. जितेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रहलाद कश्यप करेंगे।

### नारी शक्ति दिवस पर भव्य आयोजन कल

**बिलासपुर।** वनवासी विकास समिति अभा वनवासी कल्याण आश्रम के योजना से 26 जनवरी को नारी शक्ति दिवस का आयोजन वीरांगना रानी माँ गाइदिन्ल्यू की जयंती पर किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर में होगा।

### श्री राम प्रभु पर पेंटिंग प्रतियोगिता कल

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौधन वैश्य महासभा ट्रस्ट द्वारा सर्व वैश्य समाज के लिए छत्तीसगढ़ स्तरीय निःशुल्क पेंटिंग प्रतियोगिता 26 जनवरी को आयोजित कर रहा है। रमेश गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता दो वर्ग में रखी गई है। छठवीं से आठवीं एवं नवमी से बारहवीं तक छात्र एवं छात्राओं के लिए है। प्रतियोगिता का विषय - श्री राम प्रभु होंगे, चित्र घर से ही बनाकर जमा करना होगा, विजयी प्रतिभागियो को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मान किया जाएगा। पेंटिंग जमा करने की तारीख 26 जनवरी है।

### चीफ इंजीनियर के पास पहुंचा एस्टीमेट, जल्द शासन को भेजा जाएगा

# 23 करोड़ में बनेगी पीडब्ल्यूडी की तीन मंजिला कंपोजिट बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोक निर्माण विभाग अपने खुद के लिए तीन मंजिला कंपोजिट बिल्डिंग तैयार करने वाला है। कंपोजिट बिल्डिंग के लिए जिला कोर्ट के सामने विभाग के नेशनल हाईवे डिवीजन कार्यालय परिसर को चुना गया है। कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण 23 करोड़ की लागत से किया जाएगा, जहां इधर-उधर संचालित होने वाले विभाग के सारे डिवीजन एक ही स्थान पर संचालित किए जाएंगे।

अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग भवनों में संचालित लोक निर्माण विभाग के विभिन्न डिवीजनों को एक ही छत पर लाने की तैयारी की जा रही है। इसके अंतर्गत विभाग द्वारा एक कंपोजिट बिल्डिंग बनाने की तैयारी है। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग का डिवीजन-1 कलेक्टोरेट के सामने संचालित होता है। इसी तरह डिवीजन-2 चकरभाठा में संचालित हो रहा है। विद्युत यांत्रिकी एवं सेतु डिवीजन का संचालन सिंचाई विभाग के बाजू में स्थित भवन में किया जा रहा है। इसी तरह नेशनल हाईवे संभाग का संचालन जिला न्यायालय के ठीक सामने हो रहा है। विभाग के विभिन्न डिवीजनों के अलग-अलग स्थान पर संचालित होने के कारण न केवल लोगों को परेशानी हो रही है, बल्कि विभागीय कामकाज भी बाधित होता है। ऐसे में सारे विभागों को एक स्थान पर लाया जाना है।

इसके अंतर्गत कंपोजिट बिल्डिंग के लिए 23 करोड़ का प्राक्कलन तैयार किया गया है। यह भवन ग्राऊंड फ्लोर के अलावा तीन मंजिला होगा। जिला न्यायालय के सामने स्थित नेशनल हाईवे डिवीजन परिसर में लोक निर्माण विभाग के पास पर्याप्त स्थान है, जहां कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण आसानी से किया जा सकेगा। इसके ठीक बाजू में ही चीफ इंजीनियर का कार्यालय भी संचालित होता है, जिससे सारे कार्यालय एक ही स्थान पर संचालित हो सकेंगे। विभाग के अनुसार प्रस्तावित बिल्डिंग का प्राक्कलन तैयार कर मुख्य अभियंता को प्रस्तुत किया गया है। मुख्य अभियंता कार्यालय से स्वीकृति मिलने की स्थिति में इसे शासन को प्रस्तुत किया जाएगा।



इस जगह पर बनना है पीडब्ल्यूडी की कंपोजिट बिल्डिंग।

**बनाया गया है प्रस्ताव**

कंपोजिट बिल्डिंग के लिए स्टीमेट तैयार कर चीफ इंजीनियर को भेजा गया है। चीफ इंजीनियर कार्यालय से स्वीकृति मिलने पर इसे शासन को भेजा जाना है।

**-सीएस विंध्यराज**, ईई पीडब्ल्यूडी, डिवीजन-1

# हावड़ा-मुम्बई मेल से 30 लाख का गांजा जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरपीएफ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली मेल एक्सप्रेस में सफर करने वाले दो व्यक्तियों के पास से 30 लाख रुपए से अधिक का गांजा बरामद किया है। पूछताछ व अन्य कार्रवाई करने के बाद दोनों आरोपियों को गांजा सहित जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है।

- **आरपीएफ ने आरोपियों को किया जीआरपी के सुपुर्द**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन आरपीएफ के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त मुनव्वर खुर्शीद के निर्देशानुसार तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में आपरेशन नार्कोस का अभियान आरपीएफ की टीम चला रही है। इस अभियान के तहत सारे मुख्य ट्रेनों के अलावा रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म पर संदिग्धों पर विशेष निगरानी रखने का आर्डर भी आरपीएफ प्रभारियों को दिया गया है। इसके तहत ट्रेन व रेल परिक्षेत्र में प्रतिबंधित मादक पदार्थ, शराब व तम्बाकू उत्पादों के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए आपरेशन नार्कोस का सघन अभियान चल रहा है। इस अभियान में आरपीएफ गुप्तचर शाखा सीआईबी को मुखबिर से सूचना मिली कि 12810 हावड़ा-मुम्बई मेल एक्सप्रेस में गांजा की तस्करी हो रही है। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम ने ट्रेन में सघन जांच की, जिसमें एसी कोच ए 1 के बर्थ नम्बर एक और 6 बर्थ के नीचे 6 बैग संदिग्ध अवस्था में मिला। बैग की जांच करने पर उसमें गांजा देखा गया। पूछताछ करने पर कोच में मौजूद दो व्यक्ति बिहार रोहतास निवासी चंद्रशेखर पासवान पिता राधा पासवान 41 साल और बिहार रोहतास सराव निवासी विक्की कुमार पिता वीरेन्द्र सिंह ने बैग को अपना बताया। दोनों ने गांजा की तस्करी करना स्वीकार किया। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया। जीआरपी ने जांच के दौरान आरोपियों के बैग से 60 किलो 750 ग्राम कीमत 30 लाख 37 हजार 500 रुपए का गांजा जब्त करने के बाद 20 बी टू के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

# दिल्ली व हैदराबाद के लिए मिल सकती है 7 दिनों की फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एयरलाइन्स कंपनी अलायंस एयर को सरकार ने वाराणसी और पटना के लिए उड़ान शुरू करने का प्रस्ताव दिया है लेकिन कंपनी के पास उड़ान की कमी है ऐसे में इन दोनों जगहों के लिए उड़ान शुरू नहीं किया जा सकता है। यह बात आंदोलन के मच पर हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहीं। सदस्यों ने बताया कि दोनों जगहों पर अलाइंस एयर का बेस स्टेशन नहीं है, हालांकि दिल्ली और हैदराबाद की नई उड़ान शुरू हो सकती है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा नई उड़ानों की संभावनाओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि पटना और वाराणसी के लिए बिलासपुर से उड़ान शुरू करने का प्रस्ताव मिल चुका है लेकिन बेस स्टेशन नहीं होने के कारण इस दिशा में काम नहीं हो रहा है। बताया जा रहा है कि कोई भी एयरलाइन कंपनी एक उड़ान के लिए बेस स्टेशन तैयार नहीं करती है, जहां बेस स्टेशन है वहां एक से अधिक उड़ानें शुरू की जा सकती है, इससे कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिल पाता है। अलायंस एयर के अधिकारी हैदराबाद व दिल्ली के लिए फ्लाइट चलाने के लिए सहमत है लेकिन इसके लिए एमओयू में संशोधन की आवश्यकता है।

इस दौरान अनिल गुलहरे, शिरीष कश्यप, राघवेंद्र सिंह ठाकुर,ऋषि राज गौतम, साबर अली, संतोष पीपलवा, मोहन जायसवाल, संदीप बाजपेई, आशुतोष शर्मा,शिवा मुदलियार, राम बघेल, मजहर खान, फिरोज खान, राकेश केसरी मोहसिन अली,अकील अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।



**अलायंस एयर के अधिकारी फ्लाइट चलाने के लिए सहमत**

## ढाबा के पीछे पिलाई जा रही थी शराब, मैनेजर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ढाबा के पीछे पर्दा लगाकर 12 से 15 लोगों को शराब पिलाई जा रही थी। पुलिस के आने की भनक लगते ही शराबी खेत की ओर भाग निकले। पुलिस ने शराब पिलाने वाले ढाबा के मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने गणतंत्र दिवस पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व होटल, लॉज, ढाबा में दबिश देकर संदिग्धों की धरपकड़ करने का आदेश दिया गया है। पिछले दो तीन दिनों से शहर एवं ग्रामीण इलाके थानेदार अपने अपने क्षेत्र के होटल लॉज, ढाबों की जांच कर रहे हैं। 23 जनवरी को कोनी टीआई भावेश शेंडे के निर्देश पर एएसआई उमेश उपाध्याय स्टाफ के साथ क्षेत्र ढाबों की जांच कर संचालकों को शराब नहीं पिलाने व समय पर ढाबा बंद करने के निर्देश दे रहे थे। इसी दौरान वे गतौरी नेशनल हाइवे में संचालित बाबी ढाबा में गए। ढाबा के अंदर कोई भी ग्राहक नहीं था। वे मैनेजर को शराब नहीं पिलाने की हिदायत देते हुए बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान ढाबा के बाहर दो तीन कार खड़ी नजर आई। उन्हें संदेह हुआ, जैसे ही वे फिर ढाबा के अंदर गए तो नौकर ने पीछे जाकर पुलिस के आने की जानकारी दे दी, जिससे पर्दे की आड़ में ढाबा के पीछे शराब पी रहे 12 से 15 शराबी शराब व चखना छोड़कर खेत की ओर से भाग गए। पुलिस ने ढाबा के मैनेजर गतौरी निवासी हरेन्द्र कुमार शर्मा पिता श्याम नारायण शर्मा 39 साल को पकड़कर थाने लेकर आई।

## मौसम में उठापटक का लोगों पर पड़ रहा असर

**बिलासपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण लगातार मौसम में परिवर्तन हो रहा है। जहां सूरज के तेवर सख्त हो रहे है वहीं सर्द हवाएं भी उत्तर से आ रही है। जिसके चलते सर्दी-गर्मी का खेल जारी है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। गला खराब होना, सर्दी और वायरल जैसी बीमारियां लोगों को डाक्टरों की क्लीनिक तक पहुंचा रहे हैं। मौसम में आए दिन हो रहे उठापटक का असर अब दिखने लगा है। जनवरी माह में ही अधिकतम तापमान में सामान्य से अधिक बढ़त देखी जा रही है। शुष्क मौसम के बीच तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### आईजी ने कहा- असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर विधिवत कार्रवाई सुनिश्चित करें

# गंभीर अपराधों की विवेचना में गुणवत्ता, समयबद्धता अभियोजन समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर रेंज के नवपदस्थ आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा बिलासपुर रेंज के पुलिस अधीक्षकों सहित राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। आईजी ने आगामी रणनीति पर चर्चा की गई तथा राजपत्रित अधिकारियों को सभी विषयों पर दिशा-निर्देश दिए।

आईजी ने इस बात पर विशेष बल दिया गया कि संज्ञेय अपराध के मामलों में तत्काल संज्ञान लेकर विधिसम्मत कार्यवाही की जाए। प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे। गंभीर अपराधों की विवेचना में गुणवत्ता, समयबद्धता और अभियोजन समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर इन पर निगाह रखते हुए विधिवत कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा।

- **अपराधों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संलिप्ता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई होगी**

बैठक में सभी पुलिस अधीक्षकों एवं राजपत्रित अधिकारियों को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने के लिए एवं अपराधों की विवेचना तथा रोकथाम के लिए पुलिस को तकनीक सक्षम बनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया। आने वाले समय में पुलिस को अपराधों की पतासाजी, गुम एवं चोरी हुए वाहनों की जानकारी, फरार अपराधियों, गुम बच्चों तथा पुलिस के अन्य कार्यों में सहायता मिलेगी। अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक द्वारा एक विशेष अभियान सायबर प्रहरी के नाम से चलाकर अधिक-से-अधिक आमजनों को इससे जोड़कर सायबर क्राईम के प्रति जागरूक करने एवं आवश्यक एलर्ट्स तथा सूचनाएं साझा करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। थानों को आमजनों एवं पीड़ितों के लिए संवेदनशील बनाने के लिए, थाना आने वालों से मोबाईल में स्कैन किए जा सकने योग्य क्यूआर कोड के माध्यम से फीड बैक लिये जाने की व्यवस्था प्रत्येक थाना एवं चौकी में किये जाने के लिए भी पुलिस महानिरीक्षक द्वारा शीघ्र ही इसको क्रियान्वयन करने हेतु कहा गया।



बिलासपुर रेंज के नवपदस्थ आईजी राम गोपाल गर्ग अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए।

**गणतंत्र दिवस पर चाक-चौबंद व्यवस्था के निर्देश**

आईजी ने आगामी गणतंत्र दिवस पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था लगाने, सघन पेट्रोलिंग एवं गश्त करने और असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। संगठित अपराधों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की यदि संलिप्ता पाई जाती है तो उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश सभी दिए। बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह, पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल, दिव्यांग पटेल, सिद्धार्थ तिवारी, मनोज खिलारी, अंजनेय वार्ष्णेय, प्रफुल्ल ठाकुर, विजय पाण्डेय आदि मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### अच्छे कर्म करने वाले पर प्रभु श्रीराम की कृपा बनी रहती है: पं पांडेय



**तखतपुर।** श्रीरामचरित मानस रामायण का आयोजन बरेला में किया गया। इस दौरान कथा वाचक दिनेश पांडेय ने कहा कि, कर्म का सिद्धांत बहुत मजबूत है, इंसान को अपने कर्म अच्छे करने चाहिए। कर्मों का हिसाब-किताब बहुत तगड़ा होता है, हर कर्म का फल सुख-दुख के रूप में इंसान को वापस मिलता है। उन्होंने कहा कि, यदि इंसान ने जीवन में अच्छे कर्म किए हैं, तो आने वाला समय निश्चित ही सुखदायक होगा। अच्छे कर्म करने वाले पर प्रभु श्रीराम की कृपा बनी रहती है, और बुरे कर्म करने वालों पर हमेशा दुख के पहाड़ तो गिरते हैं। इस मौके पर कथा श्रवण करने मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले उपस्थित रहे। इस अवसर पर यजमान बदरा चीतराम पटेल, सीता दिलीप पटेल, नरेश पटेल, शेख जैनूल, ललिता बाई पटेल, रघुनाथ ध्रुव, नितेश पटेल, देवहूती बाई पटेल, श्रीमती जया पटेल, हरहीत पटेल, नोहर सिंह ठाकुर, घनश्याम पटेल, जगदीश यादव, नरेंद्र पटेल, गौतम पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।

### नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का सम्मान



**पेंड्रा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 24 जनवरी को जिले में सारथी सम्मान दिवस मनाया गया। उक्त निर्देश के परिपालन में कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी एवं पुलिस अधीक्षक मनोज खिलारी के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कोटमी क्षेत्र में हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले चालकों को गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं नया बस स्टैंड गौरेला में ऐसे बस वाहन चालकों को श्रीफल एवं गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्य शासन की इस सराहनीय पहल के तहत परिवहन विभाग द्वारा आयोजित सारथी सम्मान कार्यक्रम को वाहन चालकों एवं आम जनता से अच्छा प्रतिसाद मिला। कार्यक्रम में परिवहन व्यवसायियों के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी स्वेच्छा से सहभागिता निभाई। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा ने वाहन चालकों को श्रीफल एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया। यातायात बस महासंघ के अध्यक्ष भरत सिंह राजपूत एवं अजय राय ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए परिवहन विभाग की अपीलों का पालन करने हेतु वाहन चालकों को प्रेरित किया।कार्यक्रम में डीएसपी सत्यकला रामटेके, यातायात विभाग से मणिराम भगत, उदय एवं गिरिवर पैकरा, साथ ही वाहन प्रतिनिधि हितेश कुमार पंजाबी, अब्दुल रहमान, मंटू शुक्ला एवं रितेश ओंकार उपस्थित रहे।

# विधायक धर्मजीत ने किया साढ़े 7 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**सकरी।** क्षेत्र के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है, आज जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है, वे जनता की वर्षों पुरानी मांगे थीं। इन मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ होने से आमजन के जीवन स्तर में सुधार आएगा। विकास की यह श्रृंखला आगे भी निरंतर जारी रहेगी, हर गांव तक सुविधाएं पहुंचाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उक्त बातें ग्राम भरनी में 54 गांव में 7 करोड़ 52 लाख रूपए के विकास कार्यों के भूमिपूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होंने इन विका सकार्यों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री का आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने इन विकासकार्यों को मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक, जिला पंचायत सभापति भारती माली, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, भाजपा नेता विशाल विक्की सिंह, शानूल खान, सभापति अरुण चौहान, सरपंच किरण वस्त्रकार, जागतराम साहू, जित्तू जांगड़े, श्याम सुंदर कश्यप, रोहित साहू, शिवदयाल यादव, ऋषि पटेल, संजय कौशिक, देवेन्द्र कश्यप, लक्ष्मी खांडे, पूर्व जनपद सदस्य उमादत्त घिलहरे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष द्वय नैनलाल साहू,दिनेश साहू,वंदना बाला सिंह, कृष्ण कुमार साहू,मंडी सचिव निक्की, कार्यपालन अभियंता अजरिया, संजय कंवर, एके सत्यपाल, मनीष राठौर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## हर गांव तक सुविधाएं पहुंचाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता: सिंह



### विभिन्न कार्यों का किया गया भूमिपूजन

कार्यक्रम में 7 करोड़ 52 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसमें 10 गांव अरईबंद, गिरधौना, सिलतरा, भाड़म, सागर,कोड़ासर, भूण्डा, दर्राकापा, तुर्काडीह, पोंगरिहा में सांस्कृतिक मंच, ग्राम लिदरी में 200 मीट्रिक टन गोदाम, देवतरा में कृषक कुटीर, ग्राम जरौंधा, घोरामार, घुटकू, भरारी, गनियारी, ढनढन, पाली, बांधा, खरगहना में बाजार शेड एवं धान खरीदी केन्द्र, विंध्यासार में 6 नग खुला नीलामी चबूतरा, ग्राम जरेली, परसदा, जरौंधा, सिलतरा, टीहूलाडीह, कोपरा, सावाताल, भकुर्रा नवापारा, डीघोरा, खम्हारिया, जोगीपुर, कुआं, खपरी, मरहीकांपा, टांडा, देवतरा, मेढपार बाजार, सकेरी, पंचबहरा, पाली, बोड़सरा, परसाकांपा, लिम्ही, हांफा, दैजा, कठमुड़ा, पकरिया, सैदा, टीकरी, अमने, परसदा,भाड़म, चोरभट्ठी कला, पोंगरिहा में सीसी रोड निर्माण एवं ग्राम मरहीकांपा में पुलिया निर्माण एवं बंधवा भरनी जलाशय का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य शामिल हैं।

## दिल्ली गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित होंगे बाबूलाल



**मुंगेली।** नगर के मैकेनिक बाबूलाल गणतंत्र दिवस समारोह में दिल्ली में सम्मानित होंगे। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना से मुंगेली नगर के दाउपारा निवासी बाबूलाल बुनकर की तकदीर बदल गई है। श्री बुनकर को उनकी ईमानदारी, परिश्रम और आत्मनिर्भरता के लिए दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। बाबूलाल बुनकर पेशे से मोटर साइकिल मैकेनिक हैं, और अत्यंत सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने जीवन को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया। नगर पालिका परिषद मुंगेली के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत उन्होंने बिना किसी रुकावट के ऋण के लिए आवेदन किया। प्रथम चरण में 10 हजार रुपये का ऋण प्राप्त कर समय पर किश्तों का भुगतान किया, जिसके बाद द्वितीय चरण में 20 हजार तथा तृतीय चरण में 50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। वर्तमान में वे नियमित रूप से ऋण किश्त जमा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के साथ-साथ बुनकर को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन तथा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आवास का लाभ भी मिला, जिससे उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उनकी की इस सफलता और अनुकरणीय कार्यशैली को देखते हुए 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थी के रूप में उन्हें आमंत्रित किया गया है। बाबूलाल बुनकर के चयन पर उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरुण साव तथा कलेक्टर कुन्दन कुमार ने वीडियो कॉल के माध्यम से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर कुमार ने कहा कि, दिल्ली से लौटने के बाद जिला स्तर पर भी बुनकर का सम्मान किया जाएगा।

## शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन, प्रशासन की कार्रवाई

**तखतपुर।** समीपस्थ ग्राम सांवाडबरा में खनिज माफियाओं द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से खुदाई कर मिट्टी निकाली जा रही थी। शिकायत पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। मौके पर टीम ने पाया कि, शासकीय भूमि से भारी मात्रा में मिट्टी निकाली जा रही थी। इस पर अवैध खनन में संलग्न 4 ट्रैक्टर एवं एक जेसीबी मशीन को जब्त किया गया। प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई भू-राजस्व संहिता की धारा 247 की उपधारा (3) के अंतर्गत की गई है। नियमों के अनुसार जब्त किए गए सभी वाहन एवं मशीनरी का विधिवत पंचनामा तैयार कर उन्हें तखतपुर थाना को सुपुर्द कर दिया गया।

इस कार्रवाई के दौरान तखतपुर तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला एवं नायब तहसीलदार अनिरुद्ध तिवारी स्वयं मौके पर मौजूद रहे और पूरी कार्रवाई की निगरानी की। अधिकारियों ने अवैध खनन स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला ने कहा कि, शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने खनिज माफियाओं को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि, भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**मुंगेली।** पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से 'बेटियां अनमोल हैं' का प्रभावी संदेश दिया गया। रंगोली प्रतियोगिता का उद्देश्य समाज में कन्या भ्रूण हत्या रोकने, लिंग चयन के दुष्परिणामों से अवगत कराने एवं बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का था।

छात्राओं ने रंगों के माध्यम से लिंग चयन न करें, कन्या शिशु को बचाएं और बेटी से परिवार, बेटी से समाज जैसे प्रेरणादायी संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि, बालिकाएं किसी से कम नहीं हैं। यदि उन्हें समान अवसर, शिक्षा और सम्मान मिले तो वे परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि, आज भी समाज में लिंग भेद जैसी कुप्रथाएं मौजूद हैं, जिन्हें समाप्त करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साह ने कहा कि, गर्भाधान पूर्व लिंग चयन एवं प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण दंडनीय अपराध है। पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के अंतर्गत दोष सिद्ध होने पर पांच वर्ष तक का कारावास एवं एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने आमजन से अपील की कि, लिंग चयन न करें और कन्या शिशु को बचाएं। मंच संचालक विवेक यादव ने किया। कार्यक्रम का समग्र संचालन सोहम ठाकुर पीजीटी रसायन विज्ञान ने किया। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ जीएस दाऊ, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ कमलेश खैरवार, जिला आरएमएनसीएचए सलाहकार डॉ अखिलेश बंजारे, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर बहुप्रतीक्षित सड़क स्वीकृत



■ 45 करोड़ से अधिक की लागत होगा सड़क निर्माण

**सरगांव।** पूर्व विधानसभा व वर्तमान बिल्हा विधायक अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर मुंगेली के सल्फा-मोतीमपुर, धुमा अमलडीहा में 45 करोड़ 25 लाख रुपए से अधिक की लागत से बनने वाली सड़क की स्वीकृति साय सरकार ने दी है। सड़क की जिसकी लंबाई लगभग 22.50 किमी है।

श्री कौशिक ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह निर्णय दूरस्थ और संपर्क-विहीन बसावटों को बारहमासी सड़क सुविधा प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि, लंबे समय से जर्जर सड़कों के कारण जनता की परेशानियों को देखते हुए इनका निर्माण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल था। श्री कौशिक ने कहा कि, हम बिल्हा विधानसभा के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हमारा लक्ष्य हर गांव को मुख्यधारा से जोड़ना और वहां शहरों जैसी सुविधाएं पहुंचाना है। हमारी सरकार हर स्तर पर हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेसियों की बैठक



**मल्हार।** कांग्रेस पार्टी के मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर विश्राम गृह मल्हार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में अभियान की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंडल प्रभारी ज्वाला प्रसाद बंजारे, किरण यादव, शुक्रितता बादल खूंटे, लक्ष्मण कांत, नवीन अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष सुरेश कुर्रे, टिकेंद्र सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पचपेड़ी मंडल अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में पदयात्रा एवं जनसभाओं के आयोजन को लेकर रणनीति तैयार की गई। इसी क्रम में 25 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का रूट चार्ट तैयार किया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार केवटा डीह, टांगर, भरारी, सुलौनी, भुरकुंडा, बेल्हा, सुकुलकारी, लोहराबोर, जलसों, जुनवानी एवं कटहा ग्रामों में कांग्रेस पार्टी द्वारा पदयात्रा एवं सभाएं आयोजित की जाएंगी।







## खबर संक्षेप

### व्यापार विहार तिरंगा चौक पर मेयर करेंगी ध्वजारोहण



बिलासपुर। गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को व्यापार विहार तिरंगा चौक त्रिवेणी भवन रोड पर सुबह 9.30 बजे मुख्य अतिथि मेयर पूजा विधानी ध्वजारोहण करेंगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील सोंथलिया करेंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि मर्चेन्ट एसोसिएशन के नव नियुक्त अध्यक्ष नानक राम खटुजा होंगे। गुड्स ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष सैय्यद इकबाल बक्शी ने बताया कि एसोसएशिन के सचिव दिलीप तिवारी और कोषाध्यक्ष आत्माराम रूंगटा सहित अन्य सहयोगी आवश्यक तैयारी में जुटे हैं। समारोह में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

### प्रियदर्शनी समाज सेवा समिति की एक शाम देश के नाम कल

बिलासपुर। प्रियदर्शनी समाज सेवा समिति द्वारा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति कार्यक्रम एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन ई राघवेन्द्र राव सभा भवन परिसर में शाम 6 बजे से किया जा रहा है। संयोजक विजय दुबे ने बताया कि समिति द्वारा आयोजित एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का यह लगातार 32 वां वर्ष है। इस देशभक्ति गीतों के कार्यक्रम में शहर के अलावा कुछ बाहर के कलाकार भी भाग लेंगे। समिति द्वारा सभी कलाकारों को सम्मान पत्र और शील्ड मोमेन्टो प्रदान किया जाएगा।

### काव्यभारती का भव्य बसंत उत्सव कल स्वतंत्रता सेनानी याद किए जाएंगे

बिलासपुर। काव्यभारती कला संगीत मण्डल का बसंत उत्सव 26 जनवरी सोमवार को विकास नगर 27 खोली स्थित बाजपेयी परिषद में सुबह 11 बजे बसंत उत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। संस्था के अध्यक्ष पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया की वर्ष 1978 के संस्थापक कला मनीषी "मनीष दत्त दादा" ने जिस पौधे को रोपा था संस्था के सदस्य उन्हें स्मरण करते हुए आज बसंत उत्सव का 49 वाँ वर्ष पूर्ण करेंगे।



26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम उन्हें भी स्मरण करते हुए इस बार बसंत पंचमी पर्व पर देश भक्ति बसंत गीत वीरों का कैसा हो बसंत, आ रही हिमालय से पुकार, मेरा रंगदे बसंती चौला आदि गीतों की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। दोपहर 12. 30 बजे तक काव्य भारती के कलाकारों, सेनानी परिवार द्वारा देश भक्ति के गीत एवं स्थानीय कवियों द्वारा रचित बसंत गीतों का गायन, बच्चों द्वारा नृत्य, अभिनय की प्रस्तुति संस्था के कलाकार सविता कुशवाहा, डॉ किरण बाजपेयी, निवेदिता सरकार, अजिता, डॉ चंदना मित्रा, डॉ शकुंतला जितपुरे आदि बहनो की सुरमधुर प्रस्तुति होगी। साथ ही स्काउट गाइड बच्चों का एवं कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। दोपहर 12. 30 बजे एक साथ भोजन, प्रसाद का आनंद लेंगे। श्री बाजपेयी सहित संस्था के वरिष्ट सदस्य डॉ विजय सिन्हा, एस भारतीयन, डॉ प्रभाकर पांडेय, चन्द्र शेखर बाजपेयी, महेश श्रीवास, डॉ सुप्रिया भारतीयन, डॉ रत्ना मिश्रा, वैभव गुलहरे, अखिलेश बाजपेयी ने नगर के कला प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### गुरूघासीदास विश्वविद्यालय ने अभिषेक को दी पीएचडी



बिलासपुर। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने अभिषेक तिवारी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्हें यह उपाधि पं. मदन मोहन मालवीय के सामाजिक एवं धार्मिक विचारों का प्रभाव एक एतिहासिक अनुशीलन शीर्षक पर शोध कार्य करने पर दिया गया है। उन्होंने अपना यह शोध कार्य सीयू के इतिहास विभाग के प्रो. प्रदीप शुक्ला के मार्गदर्शन में पूरा किया गया।

### सरकार को सद्बुद्धि देने मंदिर में सुंदरकांड का पाठ



बिलासपुर। मौनी आमावस्या के अवसर पर प्रयागराज तीर्थ स्थल में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ पुलिस की बदसुलूकी व साधु संतों व बटुको की चोटी खींचे जाने और अपमानजनक व्यवहार के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में शिव हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। सुंदरकांड के पाठ को लेकर विजय ने बताया कि यह सब केंद्र सरकार को सद्बुद्धि के लिए किया गया है। आज संकट मोचन हनुमान रामायण मंडली चिंगराजपारा शिव बजरंगी, राम इकबाल महतों साथियो द्वारा आज सुंदर का पाठ किया गया, जिसमें विजय केशरवानी, कमल कश्यप, संतोष साहू मंडल अध्यक्ष, रामप्रकाश साहू पूर्व पार्षद, सेरसिंग कश्यप, आशीष यादव, भागीरथी यादव, हरिश राजपूत, हितेश देवांगन, शिव कैवर्त, पिंटू वर्मा, नन्दनी चौरसिया, सकुन श्रीवास, प्रेमिन कौशल, रामप्यारी ठाकुर, मीना यादव दक्ष आदि उपस्थित रहे।

### मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक

बिलासपुर। शहर कांग्रेस सिद्धांशु मिश्रा ने शनिवार को कांग्रेस भवन में नए ब्लॉक अध्यक्ष व मण्डल अध्यक्षों की बैठक। इस बैठक में एसआईआर और मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर चर्चा हुई और इसके लिए ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। बैठक में समस्त ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष ने अपना औपचारिक परिचय दिया। वहीं शहर अध्यक्ष ने एसआईआर से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए तथा मनरेगा बचाव संग्राम को लेकर आगामी कार्यक्रमों की सभी को जानकारी दी। इस बैठक में कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी ब्लॉकों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई, जिसके तहत ब्लॉक क्रमांक 1 में पंकज सिंह एवं समीर अहमद, ब्लॉक क्रमांक 2 में महेश दुबे एवं शिबली मेराज खान, ब्लॉक क्रमांक 3 में राकेश शर्मा, शेख निजामुद्दीन एवं ब्लॉक क्रमांक 4 में रामशरण यादव एव रविंद्र सिंह को नियुक्त किया गया है।

**यूजीसी ने वेतन के लिए फंड देने से किया इनकार** | **विवि दो साल तक रेगुलर पद के हिसाब से 6 कर्मचारियों को करती रही वेतन भुगतान**

# अस्थाई पदों पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने कर दी नियमित नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रशासन की बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। यूजीसी ने मानवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीसी में अस्थाई पदों पर भर्ती करने की अनुमति यूनिवर्सिटी को दी थी, किन्तु सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने 2023 में बकायदा विज्ञापन जारी कर 6 पदों पर रेगुलर नियुक्ति कर दी और करीब दो साल तक कर्मचारियों को रेगुलर पद का वेतन भुगतान भी किया जाता रहा। यूजीसी ने वेतन के लिए यूनिवर्सिटी को फंड देने से इनकार किया, उसके बाद सारा मामला गड़बड़ा गया और उन कर्मचारियों से वसूली की तैयारी चल रही है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के यूजीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीसी में यूजीसी के नियमों के अनुसार गैर शैक्षणिक पदों पर यूनिवर्सिटी



को अस्थाई भर्ती करना था और वह भी तब तक के लिए जब यूजीसी आयोजित यह स्कीम चलेगा। लेकिन सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने एमएमटीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर में रेगुलर भर्ती के लिए 17 मई 2024 को विज्ञापन जारी कर दिया और आवेदन आमंत्रित कर रेगुलर नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूरी कर ली। इसमें टेक्नीकल आफिसर, सेक्शन आफिसर, यूनियर असिस्टेंट, सीनियर असिस्टेंट, हास्टल अटेडेंट, मल्टी टास्किंग स्टाफ इन 6 पदों पर नियुक्ति दी गई, जिसमें टेक्निकल आफिसर पद पर प्रिती शुक्ला, सेक्शन आफिसर पद पर आरची वर्मा, जूनियर असिस्टेंट पद पर रूपाली उपाध्याय, सीनियर असिस्टेंट पद पर हेमंत यादव, हास्टल अटेडेंट पद पर सुरेश कुमार, मल्टी टास्किंग स्टाफ पद पर गणेश प्रसाद यादव की नियुक्ति हुई।

नियुक्ति के बाद करीब दो साल तक यूनिवर्सिटी इन्हें रेगुलर पद के हिसाब से वेतन भुगतान करती रही। यूनिवर्सिटी द्वारा इन रेगुलर पदों के वेतन के लिए जब यूजीसी से फंड मांगा गया तब यूजीसी ने फंड देने से इनकार करते हुए यूनिवर्सिटी को पत्र लिखकर बताया कि एमएमटीसी में गैर शैक्षणिक पदों पर अस्थाई भर्ती करना है। यूजीसी के वेतन के लिए फंड देने और पत्र जारी करने के बाद सारी गड़बड़ी सामने आ गई।

### अधिक वेतन की होगी वसूली

यूजीसी का इसी माह के भीतर यूनिवर्सिटी को एक और पत्र आया, जिसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन में हडकंप मच गया। इसके बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 20 जनवरी को एकेडमिक कौंसिल की स्टेडिंग कमेटी की बैठक बुलाकर इन 6 पदों पर रेगुलर नियुक्ति को संविदा में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया। स्टेडिंग कमेटी में नियमिति नियुक्ति के स्थान पर संविदा नियुक्त के रूप में रूपांतरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। स्टेडिंग कमेटी के निर्णय अनुसार इन सभी कर्मचारियों को रेगुलर नियुक्ति के हिसाब से जो अधिक वेतन भुगतान करीब दो साल तक किया जाता रहा है, उसकी अब उनसे वसूली की कार्रवाई भी होगी।

### होनी चाहिए पूरे मामले की जांच

इस पूरे मामले को लेकर विवि प्रशासन पर ही ऊंगली उठने लगी है। यूनिवर्सिटी की यह बड़ी चूक है या फिर जानबूझकर नियमों की अनदेखी कर यह रेगुलर भर्ती किया गया था। रेगुलर भर्ती के पहले यूनिवर्सिटी ने यूजीसी से विधिवत अनुमति ली थी कि नहीं और अगर ली थी तो यूजीसी ने वेतन के लिए फंड देने से मना कर संविदा आधार पर पद भरने के निर्देश क्यों दिए या फिर यूजीसी से बिना अनुमति लिए यूनिवर्सिटी ने रेगुलर भर्ती कर ली थी। इन सब बातों पर सवाल उठने लगे हैं और इस मामले की जांच भी होनी चाहिए।

**आता है मांसाहारी और शाकाहारी के लिए अलग-अलग आहार**

# कानन पेण्डारी जू के वन्यप्राणी प्रतिमाह करते हैं 30 से 35 लाख का भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेण्डारी जू में प्रतिदिन 1 लाख रुपए से अधिक यानि 30 से 35 लाख रुपए शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों के आहार में खर्च होता है, जिसमें मांसाहारी वन्यप्राणी टाइगर, लायन, तेंदुआ सहित अन्य वन्यप्राणी 180 किलो मटन खाते हैं। 8 से 9 लाख रुपए का आहार प्रतिमाह शाकाहारी वन्यप्राणियों को आहार देने के पीछे खर्च किया जाता है। वन्यप्राणियों के लिए लाए जाने वाले सारे भोजन को डॉक्टर और रेंजर की देखरेख में दिया जाता है, ताकि किसी तरह का खतरा न हो सके।

बिलासपुर के कानन पेण्डारी मीडियम जू का संचालन इन दिनों अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर टाइगर रिजर्व कर रही है। करीब 114.636 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले कानन पेण्डारी जू में 65 प्रजातियों के 650 से अधिक मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिए अलग-अलग केज की व्यवस्था प्रबंधन ने की हुई है, जिसमें लायन, तेंदुआ, हाइना, टाइगर,



### लाई जाती है जिंदा बकरी

कानन प्रबंधन के अनुसार मांसाहारी वन्यप्राणियों को दिए जाने वाले आहार को जांच करने का आदेश मुख्यालय का रहता है। इस आदेश के तहत मटन में मुर्गा, मछली सहित जिंदा बकरे को कानन जू में लाने के बाद ही काटने का काम होता है, जिसे डाक्टर, जू कीपर और अन्य कर्मचारी चेक करने के बाद ही मांसाहारी वन्यप्राणियों को देते हैं। इसमें प्रतिदिन करीब 180 किलो मटन का आहार मांसाहारी वन्यप्राणियों उबालकर को दिया जाता है।

भालू के अलावा सर्प, मछली, काकड़, हिरण, सांबर, चिंकारा, चौसिंगा, नीलगाय, गोरला, लोमड़ी, जंगली सुअर, बायसन, दरियाई घोड़ा, रोज पेलिकन, ईमू सहित अन्य पक्षी शामिल हैं। किसी भी चिड़ियाघर में कौन सी प्रजाति के वन्यप्राणियों की संख्या कितनी होनी चाहिए, इसका निर्धारण केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण करता है, जिसका पालन जू प्रबंधन को करना होता है। कानन पेण्डारी जू में कई वन्यप्राणी सरप्लस हैं। जू के अलग-अलग केज में रखे गए वन्यप्राणियों के रखरखाव, उपचार के अतिरिक्त सबसे अधिक खर्च आहार में प्रबंधन को होता है। वन्यप्राणियों को आहार देने के लिए प्रति तीन वर्ष में ठेका किया जाता है, जिसमें शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों के लिए अलग-अलग ठेके होते हैं। कानन पेण्डारी जू में मांसाहारी वन्यप्राणियों में मुख्य रूप से लायन, टाइगर, तेंदुआ, हाइना, भालू शामिल हैं, जो प्रतिमाह 19 लाख रुपए से अधिक का मटन हजम कर लेते हैं। वहीं शाकाहारी वन्यप्राणियों के आहार सब्जी, घास, दूध व अन्य सामान में केवल 8 से 9 लाख रुपए का खर्च कानन प्रबंधन को हो रहा है।

### साढ़े 8 लाख का खर्च शाकाहारी भोजन में

मांसाहारी वन्यप्राणियों को छोड़कर शाकाहारी वन्यप्राणियों को दिए जाने वाले आहार में सब्जियां, घास, चना, जौफल, दूध सहित अन्य खाने-पीने के सामान होते हैं। मांसाहारी वन्यप्राणी में जहां 19 लाख रुपए और शाकाहारी वन्यप्राणियों के आहार में प्रतिमाह साढ़े 8 से 9 लाख रुपए की राशि खर्च की जाती है।

### पूरा कार्य डॉक्टर की निगरानी में

कानन पेण्डारी जू में शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों कें आहार पर विशेष निगरानी रखी जाती है। आहार का कार्य टेंडर प्रक्रिया से किया जा रहा है, इसलिए यह सारे कार्य डॉक्टर और रेंजर की निगरानी में होते हैं। इसका पूरा विवरण भी डॉक्टर के पास ही रहता है।

**-राजेन्द्र सोरी**, अधीक्षक कानन पेण्डारी जू

# नटखटपन दर्शाता है भगवान कृष्ण के बाल्यकाल प्रेम को



बिलासपुर। गोकुल और वृंदावन में घटित नटखट और दिव्य घटनाएं भगवान श्रीकृष्ण के ईश्वरत्व और बाल्यकाल के प्रेम को दर्शाती हैं। माखन चोरी, मिट्टी खाना, पूतना वध, काल्या नाग दमन और यशोदा मैया को मुख से ब्रह्मांड का दर्शन कराना उनकी प्रमुख लीलाएं हैं। यह ज्ञान और भक्ति का अद्भुत मिश्रण हैं।



- कपिलनगर सरकंडा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

ये बातें कपिलनगर सरकंडा में दुबे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ में कथा वाचक पं. अभिषेक तिवारी ने शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने कहा कि जन्म के कुछ दिनों बाद ही कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना ने जब श्रीकृष्ण को जहर पिलाने का प्रयास किया, तब नन्हे कृष्ण ने दूध के साथ उसके प्राण भी सोख लिए। कान्हा अपने सखाओं के साथ गोपियों के घरों में माखन चुराकर खाते थे। पकड़े जाने पर वे मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो कहकर यशोदा मैया को अपनी भोली बातों से रिझाते थे। मिट्टी खाने पर यशोदा मैया द्वारा डांटने और मुंह खोलने पर कृष्ण भगवान ने अपने मुख में पूरा ब्रह्मांड दिखाकर मैया को अचंभित कर दिया था। यमुना नदी को जहरीली बनाने वाले कालिया नाग को भगवान कृष्ण ने अपने पैरों से दबाकर यमुना को शुद्ध किया।

रविवार 25 जनवरी को रूखमणि-कृष्ण विवाह की कथा होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में भोगेश्वर, तारा देवी दुबे, भागीरथी, विद्या शर्मा, अशोक, रेखा दुबे, ऋचा, प्रसुन शर्मा, ऋतु, प्रशांत मिश्रा का सहयोग मिल रहा है।

## लिंगियाडीह आंदोलन को मिला महिला कांग्रेस का समर्थन

बिलासपुर। न्यायधानी के लिंगयाडीह क्षेत्र में अपनी जमीन और हक की लड़ाई लड़ रहे स्थानीय निवासियों का जन आंदोलन आज 64 वें दिन में प्रवेश कर गया है। दो महीने से अधिक समय से शांतिपूर्ण ढंग से जारी इस आंदोलन के बावजूद शासन-प्रशासन की चुप्पी ने अब जनाक्रोश को उबाल पर ला दिया है। सरकार की लगातार अनदेखी के चलते यह आंदोलन अब केवल स्थानीय विरोध न रहकर एक बड़े सामाजिक-राजनीतिक संघर्ष का रूप लेता जा रहा है।

आंदोलन स्थल पर मौजूद बुजुर्गों और महिलाओं में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि चुनाव के समय घर-घर पहुंचने वाले जनप्रतिनिधि आज संकट की घड़ी में नदारद हैं। आंदोलन के 64वें दिन आंदोलन को उस वक्त बड़ी राजनीतिक मजबूती मिली जब छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव शिल्पी तिवारी धरना स्थल पर पहुंचीं। उन्होंने कहा यह सरकार गरीबों के घर उजाड़ने का अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि घर उजाड़ने में पल भर लगता है, लेकिन उसे बसाने में पूरी ज़िंदगी निकल जाती है। विभिन्न समाजसेवी



संगठनों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर खुला समर्थन दिया। आंदोलन को मजबूती देने के लिए कई प्रमुख नेता और समाजसेवी धरना स्थल पर पहुंचे। इनमें यशोदा पाटिल, श्याम मूरत कौशिक, कुंती तिवारी, डॉ. रघु साहू, साखन दरवे, भोला राम साहू और प्रशांत मिश्रा, श्रवण दास मानिकपुरी, चतुर सिंह यादव, सिद्धार्थ भारती, आदर्श सिद्धार्थ, दिनेश घोरे, डॉ. अशोक शर्मा, रूपेश साहू, ओंकार साहू, गोपी देवांगन, गोलू देवांगन और सलीम मेमन ने समर्थन दिया।

## जीडीसी की छात्राओं ने किया धार्मिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण

बिलासपुर। शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा 21 जनवरी तक आयोजित 9 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में छात्राओं ने भाग लिया। इस भ्रमण में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय की 49 छात्रओं ने सहभागिता की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. एस. आर. कमलेश के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष डा. बीआर चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण के अंतर्गत छात्राओं ने कन्याकुमारी में विवेकानंद राक मेमोरियल का अवलोकन किया तथा सूर्योदय एवं सूर्यास्त के मनोहारी दृश्य का अनुभव प्राप्त किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्राओं ने कन्याकुमारी में 133 फीट ऊँची वल्लुवर प्रतिमा,



भगवती अम्मन मंदिर, त्रिवेणी संगम, गांधी मंडपम, आदि शंकराचार्य प्रतिमा, सुचिंद्रम मंदिर तथा 18 फीट ऊँची हनुमान प्रतिमा के दर्शन किए। इन ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन कर छात्राओं ने भारत की समृद्ध विरासत को निकट से समझा। इसके पश्चात छात्राओं ने रामेश्वरम के प्रसिद्ध रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन–पूजन किया एवं ऐतिहासिक धनुष्कोड़ी स्थल का भ्रमण कर भारत की सांस्कृतिक और भौगोलिक विशेषताओं को निकट से समझा। भ्रमण के अंतिम चरण में मदुरई स्थित विश्वविख्यात मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा–अर्चना कर छात्रओं ने भारतीय स्थापत्य कला एवं धार्मिक परंपराओं की अद्भुत छटा का अनुभव किया।



## खबर संक्षेप

### गणतंत्र समारोह में शामिल होने लाभार्थी दिल्ली रवाना



**लोरमी।** दिल्ली गणतंत्र समारोह में पीएम स्वनिधि योजना को लाभार्थियों को विशेष अतिथियों के रूप में शामिल होने रवाना किया गया। भारतीय स्टेट बैंक ने पीएम स्वनिधि योजना के 3 पात्र हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र सौंपा। कार्यक्रम में नगर पालिका सुजीत वर्मा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, पार्षद एवं सीएमओ चंदन शर्मा सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अग्रसेन कॉलेज में मनाई गई बसंत पंचमी



**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विकास की दिशा में एक नया कदम बढ़ाते हुए प्राचार्य कक्ष का जीर्णोद्धार एवं अत्याधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सतीश शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि पार्षद मोहन ढोरिया, पत्रकार विनोद वर्मा, कमल गर्ग, हरीश गुप्ते रहे। जनभागीदारी अध्यक्ष सतीश शर्मा ने विधिवत फीता काटकर दोनों कक्षों को महाविद्यालय परिवार को समर्पित किया। उद्घाटन के पूर्व, मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिक्षा की अधिष्ठात्री देवी का पूजन-अर्चन कर संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। सतीश शर्मा ने कहा, महाविद्यालय में सुविधाओं का विस्तार छात्रों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल बिठाने में सहायक होगा। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ सावित्री त्रिपाठी ने जनभागीदारी समिति के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक ,कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

### गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं का अभिनंदन




**पेंड्रा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा 20 से 23 जनवरी तक हरिद्वार के बैरागी द्वीप में परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं युग ऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्वलित अखंड दीपक के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विराट जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश-विदेश के 80 से अधिक देशों से आए लाखों गायत्री परिजनों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम से लौटने पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं का 24 जनवरी को पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन पर गायत्री परिवार डिवाइन ग्रुप दिया पेंड्रा मंडल ने आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांत संयोजक डॉ पीएल साव, सहसंयोजक युगल किशोर साहू, जिला संयोजक कोरबा विजेंद्र यादव, विस्तारक सविता साहू, जितेंद्र केवट, जिला संयोजक रायगढ़ अरुण आर्य, अमन अग्रवाल, भूपेंद्र कुमार, संभाग प्रभारी फूल सिंह राज, लखन राठौर सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। डिवाइन ग्रुप दिया जीपीएम की ओर से कंचन सिंह, ओमप्रकाश बलभद्र, संगठन कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू, राम बहादुर सिंह, गोलवती उईके, मथुरा सोनी सहित सदस्यों ने अभिनंदन किया।

### स्वामी विवेकानंद संयुक्त प्रभात शाखा का स्वच्छता अभियान

**पेंड्रा।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वामी विवेकानंद संयुक्त प्रभात शाखा ने गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया। आगामी 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व को ध्यान में रखते हुए स्वयंसेवकों ने नगर के प्रमुख स्थलों पर स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की। अभियान के तहत नया बस स्टैंड स्थित राष्ट्रवीर दुर्गादास जी की प्रतिमा, हाई स्कूल परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा, नगर मध्य में स्थित अग्रसेन महाराज जी की प्रतिमा तथा बस स्टैंड स्थित अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा एवं अटल परिसर के आसपास जल से धुलाई कर स्वच्छता की गई। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने बताया कि, महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्वच्छता उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक है। यह न केवल ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखती है, बल्कि समाज में स्वच्छता और राष्ट्रप्रेम की भावना को भी मजबूत करती है। स्वच्छता अभियान में बाल स्वयंसेवक समर्थ साहू, राजवीर केवट, यश केवट, आंचल, मुस्कान, सुमन, अंशिका, सोनिया, प्रिंसी, अवनी, खुशी, समृद्धि साहू सहित अनेक स्वयंसेवक शामिल रहे। साथ ही गौ सेवा आयोग के जिला अध्यक्ष रामजी श्रीवास एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।

## कौशिक के बलिदान दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

# क्षेत्र के शहीदों के परिवारों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

देश की रक्षा करते हुए कर्तव्यपथ पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद विनोद कौशिक की शहादत दिवस के अवसर पर शनिवार 24 जनवरी को शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सीपत में रक्त परीक्षण व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीपत अंचल के चार वीर सपूतों सीपत के शहीद विनोद कौशिक, सोंठी-पिपरानार के शहीद धनीराम ठाकुर, कुकदा के शहीद किरीत पटेल तथा नरगोड़ा के शहीद वीरेंद्र कैवर्त को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआईएसएफ डिप्टी कमांडेंट एनटीपीसी कपिल सुधाकर कामडी उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शहीद विनोद कौशिक के पिता उमाशंकर कौशिक, नरगोड़ा शहीद परिवार से घासीराम कैवर्त, पिपरानार शहीद रत्नाबाई ठाकुर तथा कुकदा परिवार से रामायण पटेल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीपत थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने की। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कन्या शाला प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र यादव ने किया। आयोजक संस्था ने सीपत सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के युवाओं, महिलाओं, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों से इस राष्ट्रहितैषी एवं प्रेरणादायी आयोजन में सक्रिय सहभागिता प्रदान की।

समापन के दौरान इंडियन आर्मी के जवान मिथलेश कश्यप ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, सभापति जनपद पंचायत मस्तूरी मनोज खरे भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलेंद्र कौशिल,सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, राज्यवर्धन कौशिक, संतोष भोई, मोहन कश्यप, अजय यादव, बांके बिहारी गुप्ता, गजेंद्र यादव, शांता कौशिक, सुनील निर्मलकर, रणजीत यादव, चक्रधर कौशिक, शिवपूजन यादव, दीपक यादव, प्रद्युम्न कौशिक, छत्रपाल कौशिक, रमाकांत गौरहा, रुद्रशरण कौशिक नीलेश कौशिक सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।




शहीद परिवार को सम्मानित करते अतिथि।

### रक्त परीक्षण के साथ यातायात जागरूकता अभियान

आयोजन के दौरान रक्तदान एवं रक्त परीक्षण के साथ-साथ यातायात जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इसके अतिरिक्त भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि रणभूमि में देश के लिए रक्त बहाना और संकट के समय जरूरतमंद को रक्त देना दोनों ही राष्ट्रसेवा के सर्वोच्च रूप हैं। इसी भाव के साथ क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लिया। शिविर में रक्तवीरों व रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। वहीं सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत पात्र नागरिकों को निशुल्क दुपहिया वाहन लर्निंग लाइसेंस अथवा हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं का निशुल्क ब्लड ग्रुप परीक्षण एवं हीमोग्लोबिन जांच भी की गई। 140 से ज्यादा लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया एवं 61 रक्तदाताओं सभी हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किए गए।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रासेयो का जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

उषा देवी मेमोरियल कॉलेज सकरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविकाओं की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर गोदग्राम परसदा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं आत्मसम्मान के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने आंगनबाड़ी केंद्र की बालिकाओं के साथ-साथ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा की छात्राओं को भी गुड टच एवं बैड टच के विषय में सरल व सहज भाषा में जानकारी दी। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर शिकायत करने संबंधी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम सरपंच जगत राम साहू का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पार्वती वस्त्रकार एवं सहायिका शाहिदा खान का भी सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई तथा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश दिया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना ताम्रकार ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं सजग बनने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय तथा महाविद्यालय प्रशासन समिति के सम्माननीय सदस्यों ने रासेयो इकाई की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र की बालिकाएं, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा की छात्राएं, ग्राम प्रतिनिधियों एवं रासेयो स्वयंसेविका तानुष मोहले, निकिता मोहले, जया गुप्ता, कीर्ति बघेल आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

## डीएवी स्कूल में वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण कार्यक्रम




**पथरिया।** विखं के डीएवी अंग्रेजी स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संस्कृति, सभ्यता एवं संस्कार थीम पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम रेखा चंद्रा मौजूद रहीं। साथ ही नपं पथरिया अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव एंव नपं सरगांव अध्यक्ष परमानंद साहू उपस्थित रहे। प्राचार्य गौरव सिंह राजपूत ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय के विभिन्न उपलब्धियों के बारे में बताया। इस दौरान पिछले सत्र के बोर्ड टॉपर्स 12वीं से रोहन वर्मा एवं कक्षा 10वीं से पूर्वी यादव को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रेरणाप्रद ड्रामा नाटक नुक्कड़ तथा गीत संगीत जैसे कार्यक्रम रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ।हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि, विद्यालयीन वार्षिक उत्सव आने वाली पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासतों, धरोहरों से परिचित कराने का एक बड़ा माध्यम है। एसडीम चंद्रा ने ड्रामा में नशा मुक्ति वाले ड्रामा का खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि, इस नशा मुक्ति प्रेरणा को केवल देखना नहीं है, बल्कि इसको हम सभी को अपने जीवन में लागू भी करना है।

**बच्चे हुए पुरुस्कृत:** विद्यालय के विद्यार्थियों के बने हाउस में बेस्ट हाउस का सम्मान श्रद्धानंद हाउस बेस्ट क्लास कक्षा दसवीं तथा बेस्ट शिक्षक सुश्री उर्वशी साहू एवं बेस्ट स्टूडेंट कक्षा दसवीं से ही आशीष लहरी बेस्ट सपोर्टिंग स्टूडेंट कक्षा ग्यारहवीं से समीर ठाकुर को प्रदान किया गया। नशा मुक्ति ड्रामा के लिए श्रद्धानंद हाउस एवं नृत्य में छत्तीसगढ़ ही संस्कृति के समूह नृत्य के लिए विवेकानंद हाउस को सम्मानित किया गया साथ ही साथ सभी अतिथियों को साल एवं मोमेंटो तथा श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## पूर्व सीएम भूपेश ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन



**करगीरोड कोटा।** कोटा में आयोजित अखिल भारतीय महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने की। इस दौरान अति विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक शैलेश पांडे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा सहित कोटा के जनप्रतिनिधि शामिल रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ सामूहिक नृत्य के साथ हुआ।

आयोजन समिति के अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को विधायक रामकुमार यादव, विधायक दिलीप लहरिया ने भी संबोधित किया। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने आयोजन के रुपरेखा की जानकारी देते हुए बाहर से आए सभी खिलाड़ियों और कोच का स्वागत किया। इस दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनको याद किया गया। साथ ही शहीद वीर नारायण सिंह का स्मरण कर उनको नमन करते किया। बसंत पंचमी के अवसर मां सरस्वती की प्रार्थना करते हुए विधायक अटल श्रीवास्तव ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी।

### आज समापन समारोह में शामिल होंगे विधायक धर्मजीत



अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता महिला-पुरुष का समापन 25 जनवरी रविवार को होगा। समापन समारोह में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव करेंगे।

## श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**बेलतरा।** ग्राम नेवसा में कोरी परिवार की ओर से आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथा व्यास महाराज गौरव जोशी के मुखारविंद ने कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया। इस दौरान पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। आज की कथा में भक्ति, दान और वात्सल्य प्रेम की त्रिवेणी बहती दिखाई दी। कथा में कथावाचक ने गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, श्रीराम अवतार, वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म आदि का वर्णन किया। इस दौरान प्रस्तुत की गईं दिव्य झांकियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। भगवान वामन, राजा बलि एवं कृष्ण जन्मोत्सव की मनमोहक झांकियों ने कथा को जीवंत बना दिया। कृष्ण जन्म का वर्णन करते हुए महाराज जी ने कहा कि, कंस रूपी पाप और अहंकार जब बढ़ जाता है, तब हृदय रूपी कारागार में भगवान कृष्ण का जन्म होता है। उत्सव के अंत में भगवान बांके बिहारी की महाआरती की गई। आयोजक कोरी परिवार ने सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया। रविवार को कथा के पांचवें दिन भगवान की बाल लीलाएं, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा का वर्णन कर छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा।

## फांसी के फंदे पर टलका मिला 22 वर्षीय युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

■ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

नगर पंचायत मरवाही के अंतर्गत ग्राम कुम्हारी में नागेश्वरी देवी मंदिर मोहल्ले में रहने वाले 22 वर्षीय तुलेश्वर प्रजापति पिता आनंद राम प्रजापति ने 22 जनवरी गुरुवार की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक की घर वालों ने जानकारी देते हुए बताया है कि, गुरुवार की रात तुलेश्वर अपनी मां के साथ 9 बजे रात तक आग तापते हुए बैठा था। 9 बजे के बाद मां को बताकर वह मोटरसाइकिल से घूमने निकल गया, लेकिन रात में नहीं लौटा।

रात में जब बहुत देर तक तुलेश्वर घर नहीं पहुंचा तो घरवालों ने उसको फोन लगाया लेकिन, लेकिन उधर से कोई जवाब नहीं आया था। अगली सुबह करीब 10 बजे के आसपास लोगों ने जानकारी दी कि, तुलेश्वर नीलगिरी प्लांट के पीछे पेड़ पर फांसी ली है। मृतक के दोनों पैर बंधे हुए थे, जिसे देखकर घर वालों ने हत्या की आशंका जताई। सूचना पर मरवाही पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लिया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवारजनों को सौंप दिया गया। शुक्रवार को ही शव का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने मृतक का फोन जब्त कर घटना की जांच कर रही है।

### ओशियन पब्लिक स्कूल में सरस्वती वंदन व मातृ-पितृ पूजन

सीपत। ओशियन पब्लिक स्कूल परिसर में बसंत पंचमी के अवसर पर शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं वेदान्ता सेवा समिति के सदस्यों ने माँ सरस्वती की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात वेदांता सेवा समिति की ओर से आयोजित मातृ - पितृ पूजन में विद्यार्थियों ने अपने माता - पिता के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। प्रधानाचार्य ने कहा कि माता-पिता और गुरु द्वारा दिए गए संस्कार ही बच्चों के चरित्र और भविष्य का निर्माण करते हैं।

## बिस्तर पर खून से लथपथ मिली अधेड़ की लाश



■ धारदार हथियार से की गई हत्या, गांव में फैली सनसनी

**पथरिया।** थाना पथरिया क्षेत्र के ग्राम गंगद्वारी में शुक्रवार देर रात एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हमला कर निर्मम हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह घर के भीतर बिस्तर पर खून से लथपथ शव मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण कर और अधिक गंभीर जांच के निर्देश दिए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान आजुराम पिता कलिराम उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी ग्राम गंगद्वारी के रूप में हुई है। मृतक का शव उसके घर के कमरे में बिस्तर पर खून से लथपथ अवस्था में मिला। प्रारंभिक जांच में धारदार हथियार से हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। सूत्रों के अनुसार मृतक पेशे से राजमिस्त्री था और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसे आवास स्वीकृत होने पर गांव के दूसरे स्थान पर नए मकान निर्माण कराया जा रहा था। शुक्रवार को कार्य समाप्त कर वह रोज की तरह देर शाम अपने घर लौटा था। बताया गया है कि, मृतक अपनी पत्नी और चार वर्षीय पुत्र के साथ रहता था। शुक्रवार रात तीनों एक ही कमरे में सोए हुए थे, इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार टंगिया से वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से वारदात में प्रयुक्त टंगिया को जब्त कर लिया गया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस लगातार संदेहियों से पूछताछ कर रही है। हत्या के मामले में संदेह के आधार पर मृतक की पत्नी से पूछताछ की जा रही है, आगे की जांच जारी है। **-नवनीत कौर छाबड़ा,** एएसपी।

### देवांगन स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

**मल्हार।** बद्री प्रसाद देवांगन विद्यालय मल्हार में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगो का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया रहे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित पांडे ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नितेश सिंह, मस्तूरी, जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे, दामोदर कांत, जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे, देवेंद्र कृष्णन, नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश्वर कैवर्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ज्वाला बंजारे ने किया। वहीं कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार वैष्णव ने आभार प्रदर्शन किया।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा अजय कापसे पिता स्व. आर.के. कापसे निवासी एम.आई.जी 14 टेलीफोन एक्सचेंज रोड राजकिशोर नगर बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर के द्वारा अनुबंधित परिवर्तित भूमि मौजा मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका विकास खण्ड बिल्हा तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नम्बर 845/1/घ/33 रकबा 0.140 हे. (32x50=1600 वर्गफुट) भूमि जिसके मूल भूस्वामी अंजू साहू पति श्री चितरंजन सिंह साहू एवं चितरंजन सिंह पिता श्री निरधी नारायण साहू दोनों निवासी ग्राम सरवानी तहसील बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) के नाम पर दर्ज है जिसे खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- सरिता राठौर
पति श्री जगदीश राठौर
निवासी माखन लाल कॉलोनी प्लॉट नम्बर 09 राजकिशोर नगर बिलासपुर
मो. 9993315566

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार सरिता यादव पति श्री धनीराम यादव निवासिनी अकलतरा तह. अकलतरा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) से अधीकृत हो उसके निर्देशानुसार जन सामान्य अवगतार्थ निम्न आशय का सूचना प्रकाशित करती हूं अवगत होवे।

मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा ग्राम लिंगियाडीह प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर के खातेदार विनोद कुमार दीक्षित, विनय कुमार पिता स्व. ठाकुर प्रसाद दीक्षित के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की अभिलिखित भूमि ख.क. 1/9 रकबा 0.730 हे. के अंशभाग 20X52 वर्गफीट भूमि को क्रय करने का पक्का महदा कर अग्रिम अनुबंध की राशि अदाकर अनुबंध पत्र निष्पादित करायी है तथा शीघ्र ही पंजीयन हेतु तत्पर है।

अतः उपरोक्त भूमि के हुये संव्यवहार मे जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय या वह जो उपरोक्त भूमि के किसी भी अंश में अपना हित रखता है वह सात दिवस के भीतर अपना आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है समयावधि पश्चात की गयी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा पंजीयन करा ली जायेगी। सो सूचना जाने।

दिनांक:- 24.01.2026

भवदीय
अम्बिका नारंग
अधिवक्ता
बिरकोना, बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के पंचम अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)

**नोटिस**

प्रकरण क्रं. 207ए/2022
आदेश दि. 20/01/2026
पेशी ता. 16/02/2026
प्रोसेस क्रं 02/22-01-2026

गोपाल सिंह ...वादी
// विरूद्ध //
रंगनाथ लाल वगै. ...उत्तरवादीगण

1/ अभिषेक दीवान पिता गुलाबधर दीवान
2/ राहुल अग्रवाल पिता श्याम सुंदर अग्रवाल
3/ सुश्री रमा देवांगन पिता मनोहर देवांगन
4/ चंद्रकांत देवांगन पिता रामखिलावन देवांगन
5/ मुनमुन मण्डल पति विद्युत कुमार मण्डल
6/ कैलाशचंद्र अग्रवाल पिता रामानंद अग्रवाल
7/ श्रीमती मंजू अग्रवाल पति कैलाशचंद्र अग्रवाल

सभी पता-ग्राम मोपका सिटी पार्क रोड, मोपका तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ......... प्रस्तावित पक्षकारगण

इस न्यायालय में वादी गोपाल सिंह ने उत्तरवादीगण रंगनाथ लाल वगै. के विरूद्ध वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा तथा रिक्त अधिपत्य दिलाये जाने बाबत पेश किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 16/02/2026 को नियत है। इस प्रकरण में पेशी दिनांक 16/02/2026 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वतः उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 16/02/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित होता है, या सार्वजनिक अवकाश हो जाता है, या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है, तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायलय की मुहर लगाकार जारी किया गया।

दिनांक 21/01/2026
स्थान:- बिलासपुर (छ.ग.)

(कु. रिची जैन)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ श्रेणी के पंचम अतिरिक्त न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकारगण (1) बिसाहीन बाई गोड़ पति स्व. गोपाल गोड़ (2) गौरी ध्रुव पिता स्व. गोपाल गोड़ (3) उर्वशी ध्रुव पिता स्व. गोपाल गोड़ (4) पुष्पलता ध्रुव पिता स्व. सोनसिंह गोड़ सभी निवासी खमतराई, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत होकर निम्न आशय का सूचना प्रकाशित कराता हूं कि मेरे पक्षकार की पैतृक संपत्ति मौजा बिरकोना, प.ह.नं.-17, वर्तमान 47, महाल नं.-01, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में खसरा नंबर 1340/5, 1340/7, 1340/8 कुल रकबा 4.45 एकड़ भूमि स्थित रही है जिसका वर्तमान खसरा नंबर 15001/1 है, जिसे पूर्व में कतिपय व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी कर तथा स्वयं को गोड़ जाति का होना बताकर तथा झूठे दस्तावेज प्रस्तुत कर पंजीयन करा लिया था तथा उक्त भूमि पर वर्तमान में ग्लैक्सी बिल्डकॉन जिसके भागीदार गौरव तिवारी पिता स्व0 कृष्ण कुमार तिवारी तथा श्रीमती शिल्पी तिवारी पति गौरव तिवारी निवासी कृष्ण काम्पलेक्स देवनंदन नगर फेस-01 के सामने सरकण्डा बिलासपुर काबिज होकर उक्त भूमि पर ड्रीम्स रेंसीडेसी के नाम पर कॉलोनी निर्माण किया जा रहा है तथा लोगो को भूमि विक्रय किया जा रहा है जबकि मेरे पक्षकार जो कि गोड़ जाति के है के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी बिलासपुर के समक्ष धारा 170-ख छ.ग.भू.रा.संहिता वास्ते (भूमि वापसी हेतु) के अंतर्गत प्रकरण प्रस्तुत किया है जिसमें गौरव तिवारी एवं शिल्पी तिवारी उपस्थित हो चुके है, उन्हें उक्त प्रकरण की जानकारी होने के पश्चात भी उक्त भूमि टुकड़ों में रजिस्ट्री की जा रही है जो कि पूर्णतः अवैधानिक एवं आपराधिक है।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि गौरव तिवारी एवं शिल्पी तिवारी से उक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करें। अन्यथा होने वाले नुकसान के लिये वे स्वयं जिम्मेदार रहेगें।

दिनांक-24/01/26
स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
सूर्यकांत शर्मा (अधिवक्ता)
पत्ता- श्री विहार सरकण्डा बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.-7999284808

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 25 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




धर्म-क्षेत्र

## दीप यज्ञ : अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने दी गई प्रेरणा



**बिलासपुर।** गायत्री प्रज्ञापीठ सुभाष चौक सरकंडा में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें विश्व कल्याण हेतु विशेष आहूतियां दी गई। इसके बाद सरस्वती व गुरु पूजन किया गया। इस दौरान विद्या आरंभ, पुंसवन व गुरु दीक्षा संस्कार कराए गए। दीप यज्ञ के माध्यम से अंधकार से प्रकाश व अज्ञानता से ज्ञान की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यवाहक व्यवस्थापक डॉ अनिता पाठक, केके अवस्थी, आईएस चंदेल, एसएस जायसवाल, जीआर पटेल, राखी राम, धनसाय यादव, सुश्री वर्षा ताम्रकार का सहयोग रहा।

# सीएमडी कालेज के 9 गोल्ड मेडलिस्ट के साथ 66 विद्यार्थी सम्मानित

सीएमडी कॉलेज में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान करने मेरिट स्टूडेंट्स फेलिसिटेशन सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया तथा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनोहारी प्रस्तुति दी गई।







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम बिलासपुर के कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे रहे। विशिष्ट अतिथि डिप्टी चीफ कमर्शियल मैनेजर रेलवे कौशिक मित्रा, एवं चीफ इंजीनियर, नगर निगम बिलासपुर के राजकुमार मिश्रा थे। समारोह की अध्यक्षता शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे ने की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय सिंह, बी.एड. प्राचार्य डॉ. अंजली चतुर्वेदी, अमन दुबे एवं श्रद्धा दुबे मौजूद थे।

विशिष्ट अतिथि कौशिक मित्रा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास और सकारात्मक दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन एवं आत्मअनुशासन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। नगर निगम के चीफ इंजीनियर राजकुमार मिश्रा ने कहा कि तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार एवं तकनीकी सोच विकसित करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. संजय दुबे ने कहा कि सीएम डी कॉलेज का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयों तक ले जाते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने कहा कि महाविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और सामाजिक चेतना का केंद्र है।

### विद्यार्थी सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ें : सर्वे

मुख्य अतिथि प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के निर्माण की सबसे सशक्त नींव है। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। उन्होंने कहा कि सीएम दुबे महाविद्यालय एक प्रतिष्ठित संस्था है जो छत्तीसगढ़ का गौरव है। उन्होंने बताया कि उनके कई सहपाठी इसी महाविद्यालय से अध्ययन कर चुके हैं तथा वे स्वयं वनस्पति शास्त्र विभाग में शोध कार्य हेतु पंजीकृत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय के लगभग 66 छात्र-छात्राएं प्रावीण्य सूची में शामिल हुए हैं, जिनमें से 9 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नवाचार, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

आयोजन

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने पारंपरिक वेश में नृत्य कर बिखेरी सांस्कृतिक छटा



**बिलासपुर।** श्री पब्लिक स्कूल एवं विद्या निकेतन हायर सेकेण्ड्री स्कूल चिंगराजपारा में शनिवार को आयोजित वार्षिकोत्सव में बच्चों ने पारंपरिक वेश में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इसमें स्वागत गीत, सरस्वती वंदना सहित एकल व समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने सांस्कृतिक छटा बिखेरी। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना के माध्यम से नृत्य पेश किया। शाला के डायरेक्टर डॉ प्रमेश श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया और बताया कि स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हिंदी की विकास व हिंदी की विशेषता के बारे में जानकारी दी। इसके बाद मुख्य अतिथि पार्षद रानी शैलेष देवांगन, विशिष्ट अतिथि तारणी शुक्ला ने बच्चों को शिक्षा के साथ ही खेल में आगे रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव एक ऐसा पल होता है जिसमें बच्चों को अपनी कला प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है।

# श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प



राम परिवार की सजाई गई आध्यात्मिक झांकी

**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ मेडिटेशन ट्रेनिंग सेंटर बिलासपुर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस के पावन अवसर पर राम परिवार की एक मनमोहक आध्यात्मिक झांकी सजाई गई। इसमें उपस्थित सभी भाई-बहनों ने संकल्प लिया कि वे श्रीराम के मर्यादाओं और आदर्शों को जीवन में धारण कर स्वयं को श्रेष्ठ बनाएंगे तथा श्रेष्ठ कर्मों द्वारा समाज व राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।



झांकी में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता सीता, भाई लक्ष्मण, तीनों माताओं तथा भक्त हनुमान के दिव्य स्वरूप को भावपूर्ण रूप से दर्शाया गया। इस आध्यात्मिक झांकी का मुख्य उद्देश्य श्रीराम के आदर्श चरित्र, मर्यादाओं और मूल्यों को प्रत्येक मनुष्य के जीवन में उतारना तथा पुनः सनातन धर्म की स्थापना करते हुए भारत में रामराज्य की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के आयोजक बी.के. विकास भाई ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को श्रीराम के जीवन का गहन अवलोकन कर उनके गुणों और आदर्शों को धारण करना चाहिए ताकि इस देश का हर नर श्री राम जैसा और हर नारी माता सीता जैसी बने। तभी पुनः इस देश में रामराज्य की स्थापना संभव है। कार्यक्रम का संचालन बी.के. शारदा बहन ने किया। इस अवसर पर बीके अंजलि बहन, बीके अनुराधा बहन, बीके अंजू बहन एवं बीके ईश्वरी बहन की सहभागिता रही।

# ब्राह्मण महासंघ की बहनों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बहनों ने श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की स्थापना दिवस एवं श्रीराम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान भजन कीर्तन कर हल्दी कुमकुम का प्रोग्राम रखा।

कार्यक्रम में सभी बहनें पीले कलर की परिधान में रहीं। राष्ट्रीय प्रभारी प्रतिभा पांडेय, संभाग प्रभारी मीनू दुबे, जिला अध्यक्ष अर्चना तिवारी, सचिव शशि प्रभा पांडेय, पुष्पा, अर्चना शुक्ला, संगीता शर्मा, लता दुबे, सुलेखा शर्मा, कृष्णा दुबे, संगीता तिवारी, चंचल, कामिनी ने हल्दी कुमकुम कार्यक्रम में शामिल हुईं। मीनू दुबे ने भजन पेश कर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।



भजन कीर्तन के साथ हल्दी कुमकुम

सभी बहनों ने एक-दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाया। कार्यक्रम में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के संस्थापक शिवकुमार एवं सुहासिनी दीदी का विशेष योगदान रहा। सभी बहनों को अध्यक्ष, सचिव ने सुहाग सामग्री, प्रसाद दिया गया। लक्ष्मी नारायण मंदिर की ओर से सभी के लिए भोग प्रसाद की भी व्यवस्था रखी गई थी। अंत में सभी बहनों ने मां का आशीर्वाद लिया।

# गुरबाणी, कीर्तन कर साध संगत को किया निहाल

**बिलासपुर।** सिंधी कॉलोनी स्थित धन गुरु नानक डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग साहिब दरबार में संत माता अद्दी अम्मा की मीठी याद में मासिक वर्सी मनाई गई। इस अवसर पर संगत द्वारा सुखमणि साहिब का पाठ किया गया।

बबल भाई साहेब ने गुरबाणी, कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। विश्व कल्याण के लिए अरदास की गई। कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। जिसे बड़ी संख्या में



श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू लालचंदानी, पूर्व पार्षद सुरेश वाधवानी, प्रकाश जज्ञासी, नानक पंजवानी, राजकुमार कलवानी, राजू धामेचा, जगदीश सुखीजा, नरेश मेहरचंदनी, भोजराज नारवानी, मेघराज नारा, अशोक , जगदीश जज्ञासी, गंगाराम सुखीजा, सुरेश माधवानी, दीपक लालवानी, नीलम, अशोक मतलानी, विकास बजाज, अनीता नारवानी, पार्षद कंचन सुरेश वाधवानी, सोनिया कलवानी, पलक हर्जपाल, कंचन रोहरा, पलक मखीजा, ज्योति हिंदूजा, डॉ सोनम, अक्षय, राखी इदनानी, वर्षा सुखीजा, कशिश जेसवानी, बलराम रामानी, डॉ हुंदलदास सोमनानी, राजू धामेचा, मुरली कुकरेजा, अक्षय, राजेंद्र सिंह, अविनाश हिंदूजा, रोशन सहित दरबार साहिब के अन्य सभी सेवादारों का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम

## आई तुलजा भवानी का नई साड़ी से श्रृंगार कर वरिष्ठों का किया सम्मान



**बिलासपुर।** आई तुलजा भवानी मंदिर में जीजा माता मराठा महिला मण्डल ने हल्दी कुमकुम कार्यक्रम रखा। जिसमें मराठा महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। आई तुलजा भवानी का भी नई साड़ी पहनाकर श्रृंगार किया गया। सर्वप्रथम माता रानी को हल्दी कुमकुम लगाकर, ओटी चढ़ा, लड्डू का प्रसाद अर्पण किया गया। फिर मंच में जीजा माता की मूर्ति की पूजा व दीप प्रज्ज्वलन कर वरिष्ठों का स्वागत किया गया। अतिथि के रूप में पूजा विधानी महापौर, वार्ड पार्षद अंजनी लक्ष्मी नारायण कश्यप एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती विधानी ने जीजा माता महिला मंडल को एक लाख नगद राशि देने की घोषणा की। मंच संचालन सचिव सुनीता वॉशिंग, सह सचिव रानी जाधव एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष रोशनी महाडिक ने किया। कार्यक्रम के दौरान विविध तरह के खेल कराए गए।

स्पोर्टर्स न्यूज

## डिजौरा ब्रदर्स की टीम सेमीफाइनल में

शर्मा शार्क की टीम को हराकर डिजौरा ब्रदर्स की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। जीएसटी विभाग के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन गांधी चौक के मिनी स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि न्यायाधीश संजय अग्रवाल और अध्यक्षता नगर निगम महापौर पूजा विधानी थे। स्वागत भाषण के उपरांत श्रीलंका में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के उपरांत वापस हुए अधिवक्ता खिलाड़ियों पवन केशरवानी, दीपक अग्रवाल, राहुल तमस्कर, यथार्थ सिंह, साकिब



अहमद का सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में लीग मैच के अलावा क्वार्टर फाइनल के मुकाबले हुए। इसमें डिजौरा ब्रदर्स और शर्मा शार्क के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर डिजौरा ब्रदर्स ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी शर्मा शार्क की पूरी टीम 12 ओवर में 86 रन बनाकर आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डिजौरा ब्रदर्स की टीम ने 8 ओवर में 88 रन बनाकर मैच 5 विकेट से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टीम की ओर से शुभम और बिल्लू ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला 31 जनवरी और 1 फरवरी को होगा। इसमें पहला सेमीफाइनल मैच अंबिकापुर और रायपुर के बीच और दूसरा मैच डिजौरा ब्रदर्स बिलासपुर और लीगल ईगल्स बिलासपुर के बीच खेला जाएगा।

# धनंजय के आलराउंड प्रदर्शन से बिलासपुर फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेंस अंडर 19 एलीट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता में बिलासपुर के खिलाड़ी धनंजय नायक के आलराउंडर प्रदर्शन की बदौलत टीम ने रायपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेंद्र सिंह ने बताया कि स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में मेंस अंडर 19 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिलासपुर की टीम ने सेमीफाइनल मैच रायपुर के मध्य कांकेर के मैदान में खेला। बिलासपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 47.2 ओवर में 157 रन बनाकर आउट हो गई। टीम की ओर से



धनंजय नायक ने 48 रन और शैवाल सरकार ने 32 रनों की पारी खेला। रायपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए मानस मूलचंदानी ने शानदार 5 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायपुर की टीम अपनी पहली पारी खेलते हुए 97 ओवर में 240 रन बनाकर आउट हो गई, इससे रायपुर को पहली पारी में 83 रनों की बढ़त मिल गई। टीम की ओर से वेदांश खेड़िया ने शानदार 107 रनों की पारी खेली। इसके अलावा यथार्थ सिंह ने 32 रन बनाए। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए धनंजय नायक ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट , श्रीसंत खरे ने 3 विकेट प्राप्त किए। इसके पश्चात बिलासपुर ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए 67.2 ओवर में 216 रन बनाकर आउट हो गई, जिसमें शैवाल सरकार ने 35 रन बनाए और धनंजय नायक ने 32 रन का योगदान दिया। रायपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए सिद्धांत गोयल ने 4 विकेट और जय प्रकाश पांडे ने 3 विकेट प्राप्त किए। बिलासपुर ने रायपुर के सामने 134 रनों का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में बिलासपुर के घातक गेंदबाजी सामने रायपुर 49.3 ओवर में 125 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। रायपुर की ओर मानस मूलचंदानी ने 31 रन और अमय मोरे ने 23 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए धनंजय नायक और अयान उपाध्याय ने तीन-तीन विकेट, सक्षम चौबे को 2 विकेट प्राप्त किए। इस तरह बिलासपुर ने रायपुर को 8 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली है, जो 27 जनवरी को खेला जाएगा।

## सेजेस लिंगियाडीह स्कूल के हॉकी खिलाड़ी रांची रवाना

राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए सेजेस लिंगियाडीह स्कूल के हॉकी के खिलाड़ी रांची रवाना हो गए हैं। स्कूल के व्यायाम शिक्षक डॉ. धनीराम यादव ने बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया की मेजबानी में 69वीं राष्ट्रीय शालेय बालक-बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 27 जनवरी से 1 फरवरी तक रांची झारखंड में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का कोचिंग कैंप कोरबा में आयोजित हुआ था। इसमें विद्यालय से तीन खिलाड़ी प्रकाश साहू, श्रीकांत केवट,अमन ठाकुर का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया।



विद्यालय के खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं संसाधन विद्यालय से उपलब्ध कराए जाते हैं। प्रतिवर्ष अनेक छात्र-छात्राएं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर प्रतिनिधित्व करते हैं। इस वर्ष विद्यालय से 5 हॉकी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इससे पूर्व 14 वर्ष बालक हॉकी में मयंक वर्मा एवं लोमेश केवट का चयन किया गया था। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन होने पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के अलावा बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विद्यालय के प्राचार्य डॉ एमके मिश्रा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्याम साहू, श्रीमती लीना कौशिक, रिचा तिवारी, अरुंधति साहू, हॉकी छत्तीसगढ़ के महासचिव डॉ.मनीष श्रीवास्तव, अध्यक्ष रोहित बाजपेई, अमिताभ मानिकपुरी, रवि पारेख, सोनू सिंह एवं विद्यालय परिवार और हॉकी बिलासपुर के सभी पदाधिकारी शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



**बिलासपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सागर निवासी अर्जुन पिता शंभु सूर्यवंशी पेंटिंग का काम करते थे। शनिवार की सुबह गांव से बाइक में सवार को होकर शहर आ रहे थे। उसलापुर पेट्रोलपंप के पास अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### गाड़ी खरीदी बिक्री के नाम पर युवक से ठगी

**बिलासपुर।** पुरानी गाड़ी खरीदी बिक्री के नाम पर एक युवक से 4.50 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, गोंड़पारा सुभाष नगर निवासी सुशील कुमार पाठक व्यापार विहार में पुरानी गाड़ी खरीदी की दुकान चलाते हैं। दिल्ली बादरपुर मोहन बाबा काम्प्लेक्स निवासी प्रदीप ओझा ने उनके मोबाइल में दो गाड़ी बेचने के लिए फोटो डाला। उनके बीच दोनों गाड़ियों की 6 लाख 20 हजार रुपए में सौदा तय हो गया। उन्होंने प्रदीप ओझा के बैंक एकाउंट मे 4.50 लाख रुपए एडवांस ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद प्रदीप ओझा कई तरह के बहाने बाजी कर गाड़ी नहीं भेजी और पैसा वापस नहीं किया। पुलिस ने श्री पाठक की रिपोर्ट पर प्रदीप ओझा के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ठगी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जेसीबी बेचने का झांसा देकर 20 लाख रुपए की ठगी के मामले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि शहडोल जैतपुर निवसी मोहम्द शहनवाज खान को तालापारा निवासी बाबा खान ने फोन कर फाइनेंस कंपनी के द्वारा खींची गई जेसीबी बेचने की बात की। उनके बीच जेसीबी का सौदा तय हो गया। उन्होंने बाबा खान व भरत गुप्ता को जेसीबी खरीदने के एवज में 16 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से दे दिए। उसके बाद बैंक के सभी दस्तावेज तैयार करने के लिए आरटीजीएस के माध्यम से 4 लाख रुपए दिए। उसके बाद भी उन्हें जेसीबी नहीं दिया जा हा था। उन्होंने जेसीबी मालिक से राज देवांगन से संपर्क तो उन्होंने बैंक की राशि जमा नहीं होने पर जेसीबी दूसरे को बेच दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बाबा खान, भरत गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया था। 24 जनवरी को सिविल लाइन पुलिस ने फरार आरोपी बाबा खान को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो मकानों से नकद, मोबाइल और डीवीआर ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** दो मकानों में चोरों ने धावा बोलकर नकद, मोबाइल, लैपटाप, सीसीटीवी कैमरे का डिवीआर चोर कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, उसलापुर मैत्री विहार कालोनी निवासी वेद प्रकाश मेहर मंडला में नौकरी करते हैं। उनका बेटा सौमिल मेहर यहां के मकान में रहता है। 19 जनवरी को वह मकान के दरवाजे में ताला लगाकर बनारस चला गया था। 21 जनवरी को वह वापस आया तो मकान का ताला टूटा मिला। अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी से 15 हजार रुपए नकद व सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी हो गई थी। बताया जाता है इसके पहले भी उनके मकान में तीन बार चोरी हो चुकी है। पुलिस एक बार भी चोरों को नहीं पकड़ पाई है। दूसरी घटना में बिल्हा वार्ड क्रमांक 3 निवासी राइसमिल संचालक नानक रेलवानी पिता अर्जूनदास 22 जनवरी की रात मिल बंद कर घर चले गए थे। 23 जनवरी को सुबह 7 बजे राइस मिल आफिस गए तो खिड़की ग्रील उखाड़कर गल्ले से 20 हजार रुपए नकद, लैपटाप, मोबाइल चोरी कर लिया गया था। सीसीटीवी कैमरे में एक व्यक्ति चोरी करते नजर आ रहा है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### राष्ट्रगान की धुन बजती है और बच्चों के हाथ हवा में लहरा उठते हैं

# लब खामोश लेकिन राष्ट्रगान को हाव भाव, शरीर की मुद्राओं के जरिए कर रहे अभिव्यक्त, धूमधाम से मनेगा गणतंत्र दिवस

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

रिपब्लिक डे की रिहर्सल के लिए स्कूल ग्राउंड में बच्चे कतार में खड़े हैं। राष्ट्रगान की धुन बजती है और बच्चों के हाथ हवा में लहरा उठते हैं। इन बच्चों के लब तो खामोश हैं, पर बाडी लैंग्वेज देशभक्ति को दिखाने के लिए काफी है। यह नजारा है तिफरा स्थित मूक बधिर स्कूल का। यह सभी बच्चे अपने-अपने इशारों में राष्ट्रगान प्रस्तुत कर रहे हैं। दृष्टिबाधित बच्चे राष्ट्रगान गा रहे हैं, तो बधिर बच्चे साइन लैंग्वेज से इशारों में इसे पेश कर रहे हैं। 26 जनवरी के लिए स्कूलों में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और पूरे देश की तरह इन दिव्यांगों के स्कूल में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। मिठाई बंटेगी सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

- तिफरा स्थित मूक बधिर स्कूल में तैयारी पूरी

गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिफरा स्थित मूक- बधिर स्कूल में देशभक्ति पूरे शबाब पर रहेगी। स्कूल में फ्लैग होस्टिंग के साथ राष्ट्रगान गूंजेगा। स्कूल में बैंड की धुन पर रिहर्सल पूरी हो चुकी है और दिव्यांग बच्चे पूरी तरह तैयार हैं। रिहर्सल देखने के बाद उन सारे सवालों के जवाब मिल गए, जो कि दिव्यांगों के गणतंत्र दिवस मनाने पर उठा करते थे। बैंड की धुन शुरू होते ही मूक दिव्यांग बच्चे इशारे के साथ राष्ट्रगान शुरू कर देते हैं, तो जो बधिर बच्चे इसे सुन नहीं पाते वो राष्ट्रगान शुरू होते ही शिक्षक के हाथ से इशारा करते ही राष्ट्रगान को अभिव्यक्त करते हैं। दृष्टिबाधित बच्चे ब्रेललिपि के माध्यम से राष्ट्रगान का गायन करते हैं। यानी सामान्य बच्चे राष्ट्रगान गा रहे होते हैं और लाइन में खड़े यह स्पेशल चाइल्ड राष्ट्रगान को अभिव्यक्त कर रहे होते हैं।



गणतंत्र दिवस की तैयारी में जुटे तिफरा स्थित मूक बधिर स्कूल के विद्यार्थी।

### 200 बच्चे, नाटक, ड्रामा रंगोली में भी माहिर

तिफरा स्थित मूक-बधिर शाला में 200 बच्चे फिलहाल पढ़ाई कर रहे हैं। इसमें 80 दृष्टिबाधित तो 70 श्रवणबाधित बच्चें स्कूल हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। इसके साथ ही 50 बच्चे शहर से पढ़ने पहुंचते हैं, जिसमें 36 श्रवणबाधित तो 14 दृष्टिबाधित बच्चे हैं। यह बच्चे गायन-वादन के साथ ही नाटक, ड्रामा, रंगोली, चित्रकता में भी माहिर हैं। बच्चे स्कूल के साथ सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित स्पर्धाओं में भाग भी लेते हैं। गौरतलब है कि 2001 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने मूक-बधिर लोगों को भी साइनिंग लेंग्वेज में राष्ट्रगान का हक दिया था।

### आसान नहीं है इन्हें ट्रेंड करना

स्कूल के शिक्षक संजय खुराना के अनुसार स्पेशल स्कूल के इन बच्चों की रिपब्लिक डे की तैयारी भी कुछ खास ही होती है। इनकी रिहर्सल में वक्त औरों के मुकाबले ज्यादा लगता है। गीत-संगीत के साथ इन्हें इनकी लैंग्वेज में ट्रेन करना आसान नहीं होता और इन्हें सिखाने में वक्त तो लगता ही है। इन सभी स्पेशल चाइल्ड्स को लेकिन राष्ट्रगान को हाव भाव, शरीर की मुद्राओं आदि के जरिए अभिव्यक्त करना सिखाया गया है। सबसे कठिन काम इन मुद्राओं को बच्चों को सिखाना था, क्योंकि यह बच्चे किसी भी चीज को आसानी से नहीं समझ सकते थे, लेकिन हर रोज के अभ्यास के बाद बच्चों ने राष्ट्रगान अभिव्यक्त करना सीख लिया है।

### पढ़ाई के साथ हर त्यौहार करते हैं सेलिब्रेट

स्कूल के संगीत शिक्षक रवि सिंह ठाकुर के मुताबिक दूसरे बच्चों की तरह यह स्पेशन बच्चे भी पढ़ाई के साथ ही हर फंक्शन सेलिब्रेट करते हैं। हर बार की तरह इस बार भी बच्चे 26 जनवरी पर राष्ट्रगान की तैयारी कर रहे हैं। यह बच्चे बोल नहीं सकते, लेकिन इनके साइन सब कुछ बयां कर देते हैं। गणतंत्र दिवस की तैयारी में शामिल दो बच्चों से जब राष्ट्रगान के बारे में पूछा गया तो इशारों में ही उन्होंने जवाब दिया कि वे रिपब्लिक डे के लिए नेशनल एंथम की तैयारी कर रहे हैं।

### देश भक्ति के गीतों पर करते हैं डांस

इन स्पेशल चाइल्ड को स्कूल के शिक्षकों ने देशभक्ति गीतों पर डांस भी सिखाया है। हालांकि इन बच्चों को यह गीत सुनाई नहीं देता। लेकिन शिक्षक के इशारे पर शुरू होने वाला बच्चों का यह नृत्य जरा भी गलत नहीं होता। 15 अगस्त और 26 जनवरी को स्कूल में होने वाले समाराहों में यह स्पेशल चाइल्ड अपनी प्रस्तुतियां देते हैं। स्कूल में बच्चे राष्ट्रगान की हर लाइन को दिल से महसूस कर उन्हें अपने इशारों से आवाज दे रहे हैं। स्कूल के मोबेलिटी प्रशिक्षक संजय सिंह खुराना के मुताबिक मुताबिक पढ़ाई के साथ ही इन बच्चों को गीत-संगीत, डांस का प्रशिक्षण दिया जाता है। खास अवसरों पर क्लास से वक्त मिलने के बाद बच्चे रिहर्सल में गुजारते हैं।

## पुलिस परेड ग्राउंड में सीएम साय करेंगे ध्वजारोहण कल

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल 24 जनवरी को पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया।

फाइनल रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, स्वागत, ध्वजारोहण, परेड सलामी, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डों से परिचय, पुरस्कार वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का रिहर्सल किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। फाइनल रिहर्सल में आईजी रामगोपाल गर्ग भी मौजूद थे। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने अंतिम रिहर्सल का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्कूली बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। तेरह टुकड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट कर अनुशासन का परिचय दिया।

- फुल ड्रेस हुआ रिहर्सल

समारोह में छत्तीसगढ़ के विकास की झलक दिखाती विभागीय झांकी भी लोगों को देखने को मिलेगी। बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य समारोह का संचालन सौरभ सक्सेना और मुकुल शर्मा करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



## कल से चलने वाली स्पेशल ट्रेन में सैकड़ों बर्थ खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे ने शालीमार से इतवारी के बीच चलने वाली ट्रेनों में भीड़ कम करने के लिए एक स्पेशल ट्रेन शालीमार-इतवारी की शुरुआत गणतंत्र दिवस से स्पेशल बनाकर करने का आदेश जारी किया है। इस ट्रेन की बुकिंग भी शुरु कर दी गई है, जिसके बावजूद अभी भी शयनयान से लेकर एसी कोच तक की सैकड़ों सीटें खाली हैं।

- इतवारी से शालीमार के बीच चलेगी ट्रेन



रेल प्रशासन ने यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ सफर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-शालीमार और शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी के मध्य 3-3 फेरों के लिये स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 08871 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी–शालीमार स्पेशल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से 26 जनवरी तथा 2 व 9 फरवरी को प्रत्येक सोमवार को तथा गाड़ी संख्या 08872 शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्पेशल ट्रेन शालीमार से 27 जनवरी तथा 3 व 10 फरवरी प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव दोनों दिशाओं में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनादगाँव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा एवं रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है। 08871 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-शालीमार स्पेशल ट्रेन सोमवार को 17.10 बजे होकर गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनादगाँव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, दूसरे दिन मंगलवार को बिलासपुर देर रात 00.35 बजे पहुंचकर 00.45 बजे रवाना होकर, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राऊरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर, सांतरागाछी, शालीमार स्टेशन पहुंचेगी। वहीं 08872 शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्पेशल ट्रेन मंगलवार को 18.00 बजे रवाना होकर बिलासपुर 7.25 बजे होकर 15.35 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 11 स्लीपर, 02 एसी-थ्री तथा एक एसी-टू कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

रेलवे के अनुसार 26 जनवरी को इतवारी से शालीमार के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन के स्लीपर कोच में 453 बर्थ, एसी थ्री कोच में 33 बर्थ, सेकेंड एसी में 6 बर्थ, दो फरवरी को रवाना होने वाली ट्रेन के स्लीपर कोच में 508 बर्थ, थर्ड एसी में 72 बर्थ, सेकेंड एसी कोच में 18 बर्थ, 9 फरवरी को चलने वाली स्पेशल ट्रेन के स्लीपर कोच में 515 बर्थ, थर्ड एसी में 75 बर्थ, सेकेंड एसी में 18 बर्थ अभी भी खाली चल रहे हैं। इस खाली बर्थ के कारण रेल प्रशासन को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## अब तक कम्पलीट नहीं हो पाई वंदेभारत की पिट लाइन

**बिलासपुर।** एसईसीआर की मुख्य ट्रेन बिलासपुर से नागपुर के बीच वंदेभारत एक्सप्रेस का परिचालन करने के बाद कोचिंग डिपो में पिट लाइन और अन्य कार्य शुरू किए गए थे, ताकि ट्रेन का मेंटेंनेंस किया जा सके। इस कार्य को दो से तीन साल हो गए हैं, जो अभी भी निर्माणाधीन हैं। कोचिंग डिपो में चल रहे पीट लाइन व दूसरे कार्यों की जांच करने के लिए जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश स्वयं पहुंचे, जहां उन्होंने कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया है।

- तीन साल से डिपो में हैं निर्माणाधीन, जीएम पहुंचे जांच करने

बिलासपुर से नागपुर के बीच वंदेभारत एक्सप्रेस का परिचालन सप्ताह में एक दिन शनिवार को छोड़कर प्रतिदिन किया जा रहा है। यह ट्रेन सुबह बिलासपुर से रवाना होकर दोपहर को नागपुर और दोपहर में नागपुर से रवाना होकर शाम 7.30 बजे तक बिलासपुर स्टेशन पहुंच जाती है। एलएचबी कोच से चलने वाली एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और अन्य ट्रेनों की अपेक्षा वंदेभारत के कोच एकदम अलग हैं। शुरुआत में इसके मेंटेंनेंस और अन्य कार्य करने के लिए कपूरथला फैक्ट्री से स्टाफ को बुलाना पड़ रहा था। इसके बाद बिलासपुर के कोचिंग डिपो स्टाफ को वंदेभारत के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण के उपरांत बिलासपुर के कोचिंग डिपो में रेल प्रशासन ने वंदेभारत एक्सप्रेस का मेंटनेंस करने के लिए एक अलग पिट लाइन बनाने का आदेश दिया। इस आदेश के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों ने तारबाहर गुडशेड के पास जाकर निरीक्षण किया और पिट लाइन के काम में 267 से अधिक पेड़ों को बाधा बनते काटने और स्थानांतरित करने का आदेश कर्मचारियों को दिया गया। आदेश मिलते ही डिपो के आसपास पेड़ों की कटाई और स्थानांतरण का काम किया गया। स्थानांतरण किए गए पेड़ सूखकर मुरझा गए। वहीं पिट लाइन और अन्य कार्य फिर भी पूरा नहीं हो सका।

## परिचित बताकर 80 हजार रुपए की ठगी

**बिलासपुर।।** परिचित की आईडी से मैसेज कर एक व्यक्ति से 80 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रिंग रोड टू पारिजात कैसल निवासी प्रतीक अग्रवाल पिता राजेश अग्रवाल 38 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 19 जनवरी को उनके परिचित डी. गुप्ता के वाट्सएप नम्बर से दोपहर 2.36 बजे मैसेज आया, जिसमें 80 हजार रुपए की जरूरत बताते हुए प्रभु कुमार नामक व्यक्ति के मोबाइल नम्बर पर यूपीआई के माध्यम से पैसा ट्रांसफर करने को कहा गया था। श्री अग्रवाल ने उक्त मोबाइल नम्बर में संपर्क करने का प्रयास किया काल कनेक्टर नहीं हुआ और व्हाट्सएप पर फ्री होकर बाद में बात करता जैसा रिप्लाई आया। परिचित होने के कारण विश्वास में आकर श्री अर्गवाल ने अपनी मां उमा अग्रवाल के बैंक खाते से फोन पे के जरिए बताए गए नम्बर पर 80 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद उन्हें तत्काल संबंधित बैंक को सूचना दी और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रिश्तेदार बनकर बुजूर्ग महिला से ठगी

सीपत पुलिस के अनुसार, नेवसा सेमरीपारा निवासी दुर्गेश कुमार साहू ने रिपोर्ट लिखाई। 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे वह अपनी नानी सुर्मिला बाई साहू और भाई अंशुमन साहके साथ बाइक से सीपत के जिला सहकारी बैंक गए थे। उनकी नानकी के खाते से 49 हजार निकाले। उसके बाद तीनों सीपत यूनियन बैंक गए जहां अंशुमन का आधार सीडिंग कराना था। इसी दौरान एक व्यक्ति खुद को दूर का रिश्तेदार बताकर दुर्गेश को भांजा कहकर बातों में उलझाया। उसने एनटीपीसी सीपत में नौकरी लगवाने का झांसा देकर आधार कार्ड की मांग की और च्वाईस सेंटर चलने को कहा। दुर्गेश 49 हजार रुपए अपने नानी को देकर उसके साथ च्वाईस सेंटर चले गए। वहां से उक्त व्यक्ति अकेले बैंक आया और उसकी नानी को दुर्गेश बुला रहा कहकर बाइक में बैठाकर ले जाने लगा रास्ते में रुपए को सुरक्षित रखने की बात कहते हुए उनसे 49 हजार रुपए को बाइक की डिक्की में रखवा दिया। ग्राम जांजी के पास महिला को उताकर पैसा लेकर भाग गया।

## आत्मानंद स्कूल के छात्रों से मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** छुट्टी के बाद स्कूल से बाहर निकलने पर बच्चों के साथ बाहरी युवकों के द्वारा जमकर मारपीट कर दी गई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी आत्मानंद स्कूल के बच्चे छुट्टी होने पर स्कूल से बाहर निकले तो बाहरी युवकों ने उनके साथ मारपीट कर हुए लाठी से हमला कर दिया। जिससे एक छात्र के सिर में चोट आई है। घायल दो छात्र कक्षा 11वीं के छात्र है। घायलों बच्चों को इलाज के लिए सिम्स लाया गया था। जहां प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। बताया घायल छात्रों का स्कूल के एक छात्र से विवाद हुआ था। उक्त छात्र ने बाहरी युवकों को बुलाकर उनके साथ मारपीट कराया है। पुलिस छात्र के रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



## बेटे- दमाद ने की थी पिता की हत्या, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस को एक व्यक्ति के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता मिल गई है। शराब पीकर हंगामा कर मारपीट करने से त्रस्त होकर बेटे व दमाद ने अपने पिता की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 12 दिसंबर 2025 को मोपका क्षेत्र के अरपा विहार पिता शंभु राम साहू की घर में लाश मिली थी। उनके सिर में चोट के निशान थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डाक्टर के द्वारा मृतक की हत्या करने की पुष्टि की गई। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर टीआई प्रदीप आर्या, प्रमोद सिंह, विवेक राय, संजीव जांगड़े, सत्या पाटले, मूरली भागर्व व अन्य मृतक के घर के आसपास पतासाजी की गई। जानकारी मिली कि मृतक शराब पीने का आदी था और आए दिन नशे में हंगामा कर मारपीट करता था। पुलिस ने बेटा जय किशन साहू 21 साल, दमाद किशन साहू पिता सहदेव साहू 25 साल सेमरा रतनपुर निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों टूट गए और आए दिन शराब पीकर हंगामा मचाते हुए मारपीट करने से त्रस्त होकर रस्सी से गला दबाकर हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103, 1, 3, 5, 61, 2, 238 के तहत दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी पुत्र और दामाद।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
मनाली टूर
03 दिन
Ex-दिल्ली
06 फरवरी, 20 फरवरी,
13 मार्च,27 मार्च 2026
होटल, बस ,खाना, गाईड
राशि:- मात्र 6000/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411